रोहतक
सोमवार, 1 अप्रैल 2024
चैत्र मास कृष्ण पक्ष,
सप्तमी वर्ष : 28, अंक : 64
पृष्ठ 12 मूल्य 3.50

मौसम
अधि. 33.8
न्यून. 17.0

haribhoomi.com

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




05 हार्दिक-सलीमा वर्ष के सर्वश्रेष्ठ हॉकी खिलाड़ी अशोक को पिता के नाम का ध्यानचंद अवार्ड

**चुनावी शंखनाद : प्रधानमंत्री ने मेरठ से तो विपक्ष ने रामलीला मैदान से किए एक-दूसरे पर तीखे प्रहार**

# भ्रष्टाचारी कितना भी बड़ा क्यों न हो, एक्शन होगा

## मोदी बोले-आज बड़े-बड़े भ्रष्टाचारी जेल में, जमानत के लिए काट रहे चक्कर | बेइमानों ने जो धन लूटा वह गरीबों को लौटाऊंगा, ये मोदी की गारंटी

भाषा ▶▶| मेरठ (उप्र)

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को जाट बहुल पश्चिमी उत्तर प्रदेश में मेरठ की रैली से लोकसभा चुनाव अभियान की शुरुआत करते हुए पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को नमन किया और कहा कि 2024 का जनादेश भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक महाशक्ति बनाएगा। इस बीच, उन्होंने विपक्षी दलों के समूह 'इंडिया' गठबंधन पर भ्रष्टाचार और भ्रष टाचारियों को संरक्षण देने का आरोप लगाते हुए कहा कि 'भ्रष टाचारी चाहे कितना ही बड़ा क्यों न हो, एक शन होगा, जरूर होगा। जिसने देश को लूटा है, उसे लौटाना ही पड़ेगा, ये मोदी की गारंटी है।' पीएम ने कहा, 'आज बड़े-बड़े भ्रष्टाचारी, सत्ताधारी सलाखों के पीछे हैं, उन्हें सुप्रीम कोर्ट से भी जमानत नहीं मिल रही। इन बेईमानों ने जो धन लूटा है, वो गरीबों को लौटाऊंगा। यहां केंद्रीय आलू अनुसंधान संस्थान के मैदान में राष ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के घटक दलों, राष्ट्रीय लोकदल (रालोद), अपना दल (एस), निर्बल शोषित इंडियन हमारा आम दल (निषाद) और सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के अध्यक्षों के साथ मंच साझा करते हुए मोदी ने राज य में लोकसभा चुनाव अभियान की शुरुआत की और सबको राम-राम (पश्चिमी उत्तर प्रदेश में अभिवादन का तरीका) किया।

### 2024 का जनादेश भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक महाशक्ति बनाएगा : पीएम



### तीसरे कार्यकाल की तैयारी में जुटी सरकार

मोदी ने भरोसे के साथ कहा कि 'हमारी सरकार भी तीसरे कार्यकाल की तैयारी में अभी से जुट गयी है। हम आने वाले पांच साल का रोड मैप बना रहे हैं। नई सरकार बनने के बाद पहले सौ दिनों में हमे कौन-कौन से बड़े फैसले लेने हैं, इस पर तेजी से काम चल रहा है।' भ्रष्टाचार के जिक्र के साथ विपक्षी दलों पर प्रहार करते हुए मोदी ने कहा,'साथियों बीते 10 वर्षों में देश ने देखा है कि भ्रष्टाचार के खिलाफ कितनी बड़ी लड़ाई शुरू की है। मैं भ्रष्टाचार पर कार्रवाई कर रहा हूं, इससे कुछ लोग बौखला गए हैं। वे अपना आपा खो बैठे हैं।'

### जिन्होंने देश को लूटा उन्हें लौटाना पड़ेगा

मोदी ने कहा, 'प्यारे देशवासियों! मैं कहता हूं, मोदी की गारंटी कहती है, मोदी का मंत्र है-भ्रष्टाचार हटाओ और वे कहते हैं कि भ्रष टाचारी बचाओ।' यह चुनाव इन दो खेमों की लड़ाई है। एक खेमा एनडीए (राजग) का जो भ्रष टाचार हटाने के लिए मैदान में है और दूसरा वो खेमा जो भ्रष्टाचारियों को बचाने के लिए मैदान में है, फैसला आपको करना है। चेतावनी भरे लहजे में उन्होंने जोर देकर कहा 'मैं आज मेरठ की क्रांतिकारियों, वीरों की धरती से भ्रष्टाचारियों को साफ साफ कह रहा हूं भ्रष टाचारी कान खोलकर सुन लें! ये मोदी पर चाहे कितने भी हमले करें, ये मोदी है, रुकने वाला नहीं है।'' भ्रष टाचारी चाहे कितना ही बड़ा क्यों न हो, एक शन होगा, जरूर होगा। जिसने देश को लूटा है, उसे लौटाना ही पड़ेगा, ये मोदी की गारंटी है।'

### ऐसे साधा निशाना

मोदी ने कहा, 'आपने देखा होगा कि कहीं बिस्तर के नीचे से नोटों के ढेर निकल रहे हैं, कहीं दीवारों से नोटों के ढेर निकल रहे हैं, अभी अभी मैंने देखा वाशिंग मशीन में नोटों के ढेर थे। इन भ्रष्टाचारियों ने, इन बेईमानों ने जिसका धन लूटा है, उस धन को मैं लौटा दे रहा हूं।' हमने भ्रष्टाचारियों की संपत्ति जब्त करके 17 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा मैंने उनके, जिनके पैसे गए थे, उनको वापस लौटा दिया।'

### 10 करोड़ फर्जी लाभार्थी हटाए

मोदी ने कहा हमारी सरकार ने कागजों से 10 करोड़ फर्जी लाभार्थी हटाये हैं। पूर्ववर्ती सरकारों पर तंज कसते हुए मोदी ने कहा, पहले ऐसी सरकार चलती थी, जिनका जन्म नहीं हुआ, ऐसे लोगों के नाम पर पैसे जाते थे। ऐसे 10 करोड़ नाम हटाने की मोदी ने हिम्मत की है। ऐसे करके हमने देश के पौने तीन लाख करोड़ रुपये गलत हाथों में जाने से बचाए हैं।' 'मेरठ की ये धरती क्रांति और क्रांति वीरों की धरती है।

# इंडिया ने लगाए भाजपा पर आरोप, सरकार को घेरा

## विपक्षी नेता बोले-ये संविधान खत्म करना चाहते हैं, रोकना जरूरी | खरगे-राहुल ने कहा-हमारे खातों से पैसे चोरी हो गए, अकाउंट फ्रीज किए

भाषा ▶▶| नई दिल्ली

विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) के 27 घटक दलों के प्रमुख नेताओं ने रविवार को भ्रष्टाचार के आरोप में घिरे दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल और झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन के पक्ष में आवाज बुलंद की। विपक्ष ने देश में लोकतंत्र एवं संविधान को बचाने तथा लोकसभा चुनाव में निष्पक्षता सुनिश्चित किए जाने पर जोर दिया। उन्होंने भाजपा द्वारा दिए गए '400 पार' के नारे को लेकर सवाल खड़े किए और आरोप लगाया कि पीएम नरेन्द्र मोदी चुनाव में 'मैच फिक्सिंग' की कोशिश कर रहे हैं। कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी, पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी केजरीवाल और सोरेन के समर्थन और जांच एजेंसियों के 'दुरुपयोग के खिलाफ रामलीला मैदान में आयोजित 'लोकतंत्र बचाओ महारैली' के मंच पर पहुंचे। एससीपी के प्रमुख शरद पवार, शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे, सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव, माकपा महासचिव सीताराम येचुरी, राजद नेता तेजस्वी यादव, नेकां प्रमुख फारूक अब्दुल्ला, महबूबा मुफ्ती, द्रमुक के तिरुचि शिवा, तृणमूल के डेरेक ओब्रायन समेत कई दलों के नेता शामिल हुए। केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल और सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन भी मंच पर मौजूद थीं।

### भ्रष्टाचार के आरोप में घिरे अरविंद केजरीवाल और हेमंत के समर्थन में जुटे 27 दलों के नेता



### संविधान और लोकतंत्र को बचाने का चुनाव

राहुल ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री मोदी इस लोकसभा चुनाव में 'मैच फिक्सिंग' की कोशिश कर रहे हैं, ताकि भारी बहुमत से चुनाव जीतकर संविधान खत्म किया जा सके। गांधी ने लोगों का आह्वान किया कि वे 'मैच फिक्सिंग' को रोकने के लिए पूरी ताकत से मतदान करें, क्योंकि यह संविधान और लोकतंत्र को बचाने का चुनाव है। 'कांग्रेस सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी है। चुनाव के बीच में ही सबसे बड़े विपक्षी दल के खाते फ्रीज कर दिए।' इस मैच 'फिक्सिंग' का एक लक्ष्य है कि संविधान को गरीब जनता से छीना जा सके।

### जीत के लिए विपक्षी दल एकजुट हों : खरगे

कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने मोदी पर 'तानाशाही' के विचार में विश्वास करने का आरोप लगाया और दावा किया कि जब तक पमोदी तथा उनकी विचारधारा को सत्ता से नहीं हटाया जाएगा, तब तक देश में सुख और समृद्धि नहीं आ सकती। संविधान बचाने और लोकसभा चुनाव में जीत के लिए विपक्षी दलों को एकजुट होकर लड़ना है। उन्होंने प्रधानमंत्री और भाजपा के कुछ नेताओं से एक कार्यक्रम में मुलाकात का उल्लेख करते हुए कहा, 'मुझसे जेपी नड्डा ने पूछा कि आपका चुनाव प्रचार कबसे शुरू हो रहा है, सूची जारी कब कर रहे हैं। मैंने कहा है कि चुनाव निष्पक्ष नहीं हो रहे, क्योंकि हमारे खाते से पैसे चोरी हो गए हैं।' कांग्रेस के बैंक खातों को 'फ्रीज' किया गया, ताकि वह चुनाव नहीं लड़ सके। 'संविधान है, तो आरक्षण है। संविधान है, तो मौलिक अधिकार मिलेंगे।

### सुनीता ने पढ़ा केजरीवाल का संदेश

सुनीता केजरीवाल ने विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) की रैली में जेल से दिए अपने पति का संदेश पढ़ते हुए कहा कि 'भारत माता पीड़ा में हैं और यह अत्याचार नहीं चलेगा'। कल्पना सोरेन ने भी केंद्र सरकार पर तानाशाही रवैया अपनाने का आरोप लगाया और कहा कि लोगों को भाजपा को हराने के लिए एकजुट होना चाहिए।

### गठबंधन ने पांच सूत्री मांगें रखीं

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने विपक्ष की 'लोकतंत्र बचाओ महारैली' में मंच से 'इंडिया' गठबंधन की तरफ से पांच सूत्री मांगें रखीं। 1. चुनाव आयोग इलेक्शन में सभी के लिए समान अवसर सुनिश्चित करे। 2. चुनाव आयोग विपक्षी दलों के खिलाफ ईडी, सीबीआई व आईटी की कार्रवाई रोके। 3. हेमंत सोरेन और अरविंद केजरीवाल की तत्काल रिहाई की जाए। 4. विपक्षी पार्टियों को वित्तीय रूप से कमजोर न करें। 5. भाजपा को मिले फंड की एसआईटी जांच हो।

## खबर संक्षेप

### आज से टोल पांच फीसदी महंगा

**जींद।** एक अप्रैल से वाहन चालकों अपनी जेबें और ढीली करनी होंगी। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने टोल दरों में दो से पांच प्रतिशत की वृद्धि की है। इसके अलावा टोल के 20 किलोमीटर दायरे में मंथली पास के लिए 340 रुपये देने होंगे। वाहनों की अलग-अलग कैटेगरी के अनुसार टोल सोमवार से बढ़ी हुई दरों के अनुसार लिया जाएगा। हरिभूमि न्यूज

### अब 5 तक करें सीयूईटी स्नातक के लिए आवेदन

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने कहा कि संयुक्त विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा-स्नातक (सीयूईटी-यूजी) के लिए आवेदन की अंतिम तिथि एक बार फिर बढ़ाकर पांच अप्रैल कर दी गई है। आवेदन की पहली समयसीमा 26 मार्च थी, जो बढ़ाकर 31 मार्च कर दी गई थी। एनटीए निदेशक (परीक्षा) साधना पाराशर ने कहा, छात्रों और अन्य हितधारकों के अनुरोध के आधार पर सीयूईटी-यूजी 2024 के लिए आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाई है। भाषा

### ज्ञानवापी मामले में आज होगी सुनवाई

**नई दिल्ली।** ज्ञानवापी मस्जिद प्रबंधन समिति की उस याचिका पर उच्चतम न्यायालय एक अप्रैल को सुनवाई करेगा, जिसमें मस्जिद के दक्षिणी तहखाने में हिंदुओं को पूजा की अनुमति देने वाले निचली अदालत के आदेश को बरकरार रखने के इलाहाबाद उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती दी गई है। प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ अंजुमन इंतजामिया मस्जिद कमेटी की याचिका पर सुनवाई करेगी। भाषा

# कांग्रेस को 1745 करोड़ का नया टैक्स नोटिस

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस को आयकर विभाग ने नया नोटिस दिया है। इसमें 2014 से 2017 के लिए 1745 करोड़ रुपये के टैक्स की डिमांड की गई है। इस नए नोटिस के साथ कांग्रेस पर टैक्स डिमांड बढ़कर 3567 करोड़ रुपये हो गई है। सूत्रों के मुताबिक 2014-15 के लिए 663 करोड़, 2015-16 के लिए 664 करोड़ और 2016-17 के लिए 417 करोड़ रुपये का टैक्स डिमांड नोटिस कांग्रेस को भेजा गया है। कांग्रेस से जुड़े सूत्रों का दावा है कि आयकर विभाग ने राजनीतिक दलों को मिलने वाली टैक्स रिबेट खत्म कर दी है और पूरे कलेक्शन के लिए पार्टी पर टैक्स लगा दिया है। रिपोर्ट्स में यह भी कहा गया है कि जांच एजेंसी ने छापे में कांग्रेसी नेताओं से जब्त डायरियों की थर्ड पार्टी को लेकर हुई एंट्रीज पर भी टैक्स लगाया है।

### बढ़ी मुसीबत

**दो दिन पहले 1823 करोड़ का नोटिस भेजा था, आयकर विभाग ने 3567 करोड़ की देनदारी निकाली**

### 2 दिन पहले भी मिला था नोटिस

कांग्रेस को शुक्रवार को ही आयकर विभाग से पहला नोटिस मिला था। जिसमें करीब 1823 करोड़ का भुगतान करने कहा गया है। यह डिमांड नोटिस 2017-18 से 2020-21 के लिए है। इसमें जुर्माने के साथ ब्याज भी शामिल हैं।

### पागलपन की पराकाष्ठा : कांग्रेस

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता विवेक तन्खा ने एक्स पर लिखा- यह पागलपन की पराकाष्ठा है। पिछले 3 दिनों में कांग्रेस पर 3567.33 करोड़ के एस्ट्रोनॉमिकल फिगर से टैक्स की मांग हुई है। कांग्रेस मुक्त भारत के भाजपा मिशन के लिए उनके निष्ठावान राजस्व विभाग के अधिकारियों को धन्यवाद। लेकिन ये याद रखें, भारतीय मतदाताओं ने कभी भी निरंकुश आचरण का समर्थन नहीं किया है।

# लॉरेंस के करीबी चीकू की हरियाणा व राजस्थान में 18 करोड़ की संपत्ति जब्त

- एनआईए ने एक साल पहले किया था गिरफ्तार
- जांच एजेंसी ने फरवरी में खंगाले थे ठिकाने
- चीकू महेंद्रगढ़ के गांव मोहनपुर का निवासी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

लॉरेंस बिश्नोई के साथी गैंगस्टर सुरेंद्र उर्फ चीकू के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बड़ी कार्रवाई की है। ईडी ने हरियाणा के नारनौल और राजस्थान के जयपुर में उसके रिश्तेदारों और करीबियों के बैंक खातें, जमीन और मकान सीज कर दिए हैं। ईडी ने लगभग 18 करोड़ रुपये की चल और अचल प्रापर्टी को अस्थायी रूप से जब्त किया है। ईडी ने यह कार्रवाई पीएमएलए, 2002 के प्रावधानों के तहत की है। करीब एक साल पहले गैंगस्टर सुरेंद्र उर्फ चीकू को मनी लॉन्ड्रिंग केस ईडी ने गिरफ्तार किया था। चीकू महेंद्रगढ़ जिले के गांव मोहनपुर का रहने वाला है। पिछले साल उसे राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने गिरफ्तार किया था। तभी से वो जेल में बंद है।

### दो महीने में दूसरी कार्रवाई

- ▶▶ दिल्ली-एनसीआर समेत हरियाणा, पंजाब, राजस्थान आदि राज्यों में आतंकी-गैंगस्टर गठजोड़ में शामिल बड़े बदमाशों की संपत्तियों का पता लगाने के बाद एनआईए ने इन संपत्तियों को अटैच करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इससे पहले भी गैंगस्टर सुरेंद्र उर्फ चीकू के रिश्तेदारों के नाम उसकी करोड़ों रुपये की संपत्ति एनआईए ने अटैच की थी। इसमें सुरेंद्र उर्फ चीकू के रिश्तेदारों के नाम कोठी और 31 कनाल जमीन शामिल है।
- ▶▶ 21 फरवरी को भी एनआईए की टीम ने गैंगस्टर सुरेन्द्र उर्फ चीकू के व उसके साले के घर पर रेड की थी। इस दौरान टीम ने हरियाणा और राजस्थान में बेनामी जमीन के कागजात, शराब के व्यापार से सम्बंधित कागजात, एक लैपटॉप और मोबाइल भी जब्त किया था।

### भूपेश की कोठी पर चस्पा नोटिस

फरवरी में एनआईए की टीम पुलिस अधीक्षक धुमन एच निम्बाले की अगुवाई में सेक्टर 1 स्थित सुरेंद्र उर्फ चीकू के साले भूपेश की कोठी पर पहुंची थी। उसके बाहर संपत्ति को अटैच करने का नोटिस चिपकाया और बोर्ड भी लगाया था। इसके बाद एनआईए की टीम सिंघाना रोड पर स्थित बाईपास और गांव रघुनाथपुरा पहुंची और अलग-अलग स्थित 31 कनाल (लगभग 4 एकड़) जमीन को भी एनआईए के साथ अटैच कर नोटिस और बोर्ड लगाया। यह जमीन गैंगस्टर सुरेन्द्र उर्फ चीकू के दूसरे साले विकास कुमार के नाम पर है।



# राष्ट्रपति मुर्मू ने आडवाणी को भारत रत्न प्रदान किया

**नई दिल्ली(भाषा)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रविवार को भाजपा के दिग्गज नेता एवं पूर्व उप प्रधानमंत्री लाल कृष्ण आडवाणी को यहां उनके आवास पर जाकर उन्हें देश का सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'भारत रत्न' प्रदान किया। राष्ट्रपति भवन ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि इस समारोह में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृहमंत्री अमित शाह और आडवाणी के परिवार के सदस्य मौजूद रहे। राष्ट्रपति ने जब आडवाणी को भारत रत्न से सम्मानित किया तो प्रधानमंत्री मोदी उनके बगल में बैठे दिखाई दिए। मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि आडवाणी को भारत रत्न से सम्मानित होते देखना बहुत खास था और यह सम्मान देश की प्रगति में उनके स्थायी योगदान की पहचान है। मोदी ने कहा, 'सार्वजनिक सेवा के प्रति उनका समर्पण और आधुनिक भारत को आकार देने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका ने हमारे इतिहास पर एक अमिट छाप छोड़ी है। मुझे इस बात पर गर्व है कि पिछले कई दशकों में मुझे उनके साथ बहुत करीब से काम करने का मौका मिला।

**झज्जर में केस दर्ज, दुलिना जेल में बंद था**

# पीजीआई से हत्यारोपित पुलिस को चकमा देकर हथकड़ी के साथ फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

रोहतक पीजीआईएमएस में उपचार के लिए भर्ती हत्यारोपित सुरक्षाकर्मियों को चकमा देकर अलसुबह तीन बजे हाथ में हथकड़ी के साथ ही फरार हो गया। बंदी के फरार होने से पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया। पुलिस ने आरोपित की तलाश शुरू कर दी। बताया जा रहा है कि अरविंद के खिलाफ झज्जर थाने में हत्या का केस दर्ज है। रोहतक पीजीआई आने से पहले अरविंद दुलीना जेल में बंद था। बीमारी के चलते उसे पीजीआई लाया गया था। उसे विशेष वार्ड में भर्ती करवाया गया था। रविवार अलसुबह करीब तीन से चार बजे के बीच विशेष वार्ड में भर्ती अरविंद सुरक्षा कर्मियों को चकमा देकर फरार हो गया।




- उपचार के लिए रोहतक पीजीआई लाया गया था
- अलसुबह 3 बजे चकमा देकर हुआ फरार

### पुलिस में हड़कंप

हत्यारोपित के पीजीआई के वार्ड से फरार होने की सूचना से पुलिस विभाग में हड़कंच मच गया। उसकी तलाश में जुट गई।

### हाथ में बंधी है हथकड़ी

झज्जर पुलिस के इंस्पेक्टर बिजेंद्र मलिक ने बताया कि अरविंद के खिलाफ झज्जर थाने में हत्या का केस दर्ज है। अभी केस अभी अदालत में विचाराधीन है। जिसे दुलीना जेल में रखा गया था। पिछले कुछ दिन से अरविंद की तबीयत ठीक नहीं थी इसलिए उसे पीजीआई लाया गया था। अरविंद अपने हाथ में बंधी हथकड़ी के साथ ही फरार हो गया। पुलिस की टीमें उसकी तलाश में संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही हैं।

**लोकसभा चुनाव** नेताओं से जुड़ी सभी प्रकार की सामग्री हटाने के आदेश

***वेबसाइटों और सार्वजनिक स्थलों से हटाने होंगे पार्टियों व नेताओं के फोटो***

***चुनाव आयोग ने कहा, आचार संहिता का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई***

# डिजिटल प्रचार पर भी रहेगी चुनाव आयोग की कड़ी नजर

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

लोकसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान होने के साथ ही आचार संहिता की तलवार की धार भी तेज होती जा रही है। चुनाव आयोग ने अब डिजिटल माध्यमों और वेबसाइटों पर प्रचार प्रसार किए जाने को लेकर भी मॉनिटरिंग के आदेश दे दिए हैं। आयोग ने कहा कि वेबसाइटों और सार्वजनिक स्थलों से पार्टियों व नेताओं के फोटो हटाने होंगे। किसी ने आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन किया तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी। विभिन्न वेबसाइटों विभागों की ओर से लगाए पूर्व सीएम और वर्तमान सीएम के फोटो अन्य प्रचार सामग्री को पूरी तरह हटाने का निर्देश चुनाव आयोग ने जारी किया है।

### मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग ने जारी किए आदेश




हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने आदेश जारी कर सरकारी कार्यालयों और विभिन्न विभागों की वेबसाइटों पर लगाए गए नेताओं के फोटो और अन्य प्रचार सामग्री को तुरंत हटाने को कहा है। पहले भी इस संबंध में सभी विभागों के प्रमुख को पत्र भेजकर इन्हें हटाने के लिए कहा गया था। उन्होंने साफ कर दिया है कि इस संबंध में पूर्व में जारी आदेशों के बावजूद कुछ विभागों द्वारा लापरवाही बरती जा रही है, इस तरह के मामलों में जिम्मेदार अफसरों और कर्मचारियों को कारण बताओं नोटिस के साथ-साथ उन पर कार्रवाई की तलवार लटक गई है।

### हम मॉनिटरिंग कर रहे

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने साफ कर दिया है कि इस प्रकार के डिजिटल प्रचार और आचार संहिता लागू होने के बावजूद भी इस प्रकार की सामग्री नहीं हटने वालों की मॉनिटरिंग की जा रही है।

### दफ्तरों में फोटो पर टेप

हरियाणा सरकार के विभिन्न दफ्तर में लगाए कैलेंडर और फोटो फ्रेम को भी उन स्थानों से हटा दिया गया है। सरकारी दफ्तरों के साथ-साथ सरकारी बिल्डिंगों में लगाए फ्लेक्स बड़े-बड़े फोटो इस समय गायब नजर आ रहे हैं। इसके अलावा कैलेंडर और अन्य प्रचार सामग्री फोटो पर सफेद रंग की टेप लगा दी गई है।



## खबर संक्षेप

### सिरसा में 13 लाख रुपये की शराब बरामद

**सिरसा/ चंडीगढ़।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस ने अवैध शराब तस्करों के खिलाफ विशेष अभियान चला रखा है। इसी के तहत सीआईए सिरसा पुलिस की अलग-अलग दो टीमों ने बाजेकां नाका व घग्गर पुल गांव खैरेकां क्षेत्र में नाकाबंदी के दौरान करीब 13 लाख रुपये की कीमत की 264 पेटी अंग्रेजी शराब का जखीरा बरामद किया है। सीआईए सिरसा प्रभारी इंस्पेक्टर धर्मवीर सिंह ने बताया कि पकड़े गए अवैध शराब के साथ पकड़े गए आरोपियों की पहचान थाना सिंह व लखविंदर सिंह पुत्रान पप्पू राम निवासी मंशीया बस्ती, शहर जीरा, पंजाब के रूप में हुई है।

### सरकार की खरीद नीति से किसान परेशान

**चंडीगढ़।** हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष व हरियाणा कांन्फैड के पूर्व चेयरमैन बजरंग गर्ग ने अनाज मंडी के आढ़तियों, किसान व मजदूरों से बातचीत करने के उपरांत कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा सरसों की खरीद आढ़तियों के माध्यम से न करने के विरोध में व्यापारी सड़कों पर उतरकर आंदोलन करेगा व 1 अप्रैल से 5 अप्रैल तक हरियाणा की प्रत्येक मंडियों में अलग-अलग धरना-प्रदर्शन किया जाएगा और 5 अप्रैल को आगामी संघर्ष की रूपरेखा तैयार की जाएगी।

### करंट लगन से युवक झुलसा, रेफर

**हांसी।** रेलवे स्टेशन के समीप स्थित प्रेम नगर में विवाह समारोह के दौरान जनरेटर से बिजली की तार जोड़ते वक्त एक 22 वर्षीय युवक हाई वोल्टेज तार की चपेट में आ गया, जिससे युवक को करंट का तेज झटका लगा और वह बुरी तरह से झुलस गया। हाईवोल्टेज करंट झुलसे युवक को उपचार हेतु तुरंत नागरिक अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकत्सिकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे अग्रोहा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रेम नगर में रेलवे स्टेशन फ्लाईओवर के समीप एक घर में विवाह समारोह का कार्यक्रम चल रहा था। शादी के दौरान परिवार में डीजे व खाने का कार्यक्रम चल रहा था। इस दौरान शादी वाले घर के समीप स्थित एक घर में बिजली नहीं होने के चलते उस घर की बिजली का कनेक्शन जनरेटर के साथ करने के लिए बिजली मैकेनिक 22 वर्षीय रोहित को बुलाया था।

### बवानीखेड़ा में विजय संकल्प रैली में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का कांग्रेस पर कटाक्ष

# कांग्रेस को सता रहा 2014 व 2019 जैसी हार का डर, इसलिए घोषित नहीं किए प्रत्याशी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बवानीखेड़ा

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने भिवानी जिला के कस्बा बवानीखेड़ा में केंद्र व राज्य सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं को जनता के सामने रखते हुए भाजपा के पक्ष में मतदान की अपील की। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज कांग्रेस को 2024 के चुनाव में हार का डर सता रहा है। जिसके चलते कांग्रेस ने अपने प्रत्याशी मैदान में अभी तक नहीं उतारे है। वे रविवार को भिवानी जिला के कस्बा बवानीखेड़ा में आयोजित विजय संकल्प यात्रा रैली को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान मंच का संचालन जिला अध्यक्ष मुकेश गौड ने किया। जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि केंद्र सरकार व राज्य सरकार ने मिलकर प्रदेश को आगे बढ़ाया है।

■ सरकार ने प्रदेश में एक समान विकास करवाया

■ युवाओं को बिना पर्ची व खर्ची मिल रही नौकरियां



**बवानीखेड़ा।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का पगड़ी पहनाकर स्वागत करते पार्टी कार्यकर्ता।

आयुष्मान योजनाए प्रधानमंत्री आवास योजनाए किसान सम्मान निधि योजना व उज्ज्वला योजना के साथ ही देश व प्रदेश में सडक़ों के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य हुए हैं। उसके साथ ही बगैर पर्ची व बगैर खर्ची के युवाओं को रोजगार मिला है। ऐसे में वे जनता से अपील करते है कि 25 मई को 18वीं लोकसभा के चुनाव में जनता कमल के निशान पर मोहर लगाने का काम करें तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिए गए 400 पार के नारे को चरित्रार्थ करने का कार्य करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा में सभी 10 सीटों पर भाजपा की जीत होगी। नायब सैनी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी 2019 के चुनाव की हार से डरकर अब 2024 में अपने प्रत्याशी खड़े नहीं कर रही हैए क्योंकि उन्हे लगता है कि 2024 के चुनाव में फिर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार बनाएंगे। इस बात का डर कांग्रेस को सता रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मोदी ने देश को विकास की गारंटी दी है, तो अब देश की जनता ने भी मोदी को 400 पार की गारंटी दे दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा की जनता भी दसों लोकसभा सीटें भाजपा प्रत्याशियों को जिताने की गारंटी दी है। हरियाणा में डबल इंजन की सरकार से प्रदेश के लोग खुश हैं। इस मौके पर निवर्तमान सांसद धर्मबीर सिंह व हिसार से भाजपा प्रत्याशी रणजीत सिंह चौटाला ने भाजपा के पक्ष में मतदान करने की बात कही तथा कहा कि केंद्र सरकार की नीतियों की बदौलत देश में सडक़,रेलवे व विभिन्न क्षेत्रों में विकास कार्य हुए है। जिसके चलते 2047 तक भारत विकसित राष्ट्र बनने की तरफ आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि देश के हर जिले में मैडिकल कॉलेज बनाने का कार्य सरकार ने किया है। धर्मबीर सिंह ने कहा कि वर्तमान भाजपा सरकार के विकास कायारे् के चलते हुए कांग्रेस अब एक राष्ट्रीय दल की बजाए क्षेत्रीय दल बनता नजर आ रहा है। वित्त मंत्री जयप्रकाश दलाल ने किसानों से संबंधित विभिन्न योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि प्रदेश की मंडियों में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर किसानों की फसलें बगैर किसी व्यवधान के खरीदी जा रही है तथा एक अप्रैल से गेहूं की खरीद भी शुरू हो जाएगी। इस मौके पर रैली के आयोजक सामाजिक न्याय व अधिकारिता मंत्री बिसंबर वाल्मीकि ने कहा कि राज्य सरकार ने अंतिम व्यक्ति तक विकास योजनाओं को पहुंचाया है। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र पुनिया, विधायक घनश्याम सर्राफ, राष्ट्रीय परिषद के सदस्य शंकर धूपड़, जिला अध्यक्ष मुकेश गौड, अशोक खलेरा, जोगेंद्र जांगड़ा, शकुंतला प्रधान ,प्रशांत कुमार व अन्य मौजूद रहे।

### भ्रष्टाचार को बढ़ावा देती है कांग्रेस : नायब सैनी

**यमुनानगर।** मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि चुनाव में कार्यकर्ता ही जमीनी स्तर पर मेहनत करके चुनाव जीतने की रणनीति तैयार करते हैं। हरियाणा व केन्द्र में डबल इंजन की सरकार कार्य कर रही है। वर्ष 2014 से पहले कांग्रेस के शासन में जबरदस्त तरीके से भ्रष्टाचार हुआ। उन्होंने रविवार को शाम के वक्त यमुनानगर के दशहरा ग्राउंड में भाजपा द्वारा आयोजित विजय संकल्प रैली में कहा कि 400 पार का लक्ष्य साधते हुए फिर एक बार मोदी सरकार बनाने के लिए भारत की हर लोकसभा सीट पर कमल का फूल खिले यही हम सभी का प्रयास होना चाहिए। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने देश को सेवा, समृद्धि और सुशासन की दृष्टि से निरन्तर आगे बढ़ाया है।भाजपा सरकार ने लोगों को घर बेठे सुविधाएं उपलब्ध कराई है, हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री ने कमल का फूल बन्तो कटारिया के हाथ में दिया कर भेजा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ऐसे व्यक्ति हैं जन्हिोंने देश को नहीं दिशा देने का काम किया है। उन्होंने कहां की पिछले 10 वर्षों में नरेंद्र मोदी की सरकार ने देश को सही रहा दी है। हर वर्ग में विकास किया है। 2014 से पहले देश में विकास ही नहीं हुआ लोगों का समय बर्बाद होता था ।

■ यमुनानगर में पार्टी की विजय संकल्प रैली में गरजे मुख्यमंत्री

### गुरुग्राम की 31 बहुमंजिला सोसायटी में बनाए गए 52 बूथ

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने कहा कि 25 मई को हरियाणा में होने वाले लोकसभा आम चुनाव को लेकर तैयारी पूरी की जा रही है। 75 प्रतिशत से ज्यादा मतदान प्रतिशत बढ़ाने का लक्ष्य विभाग ने निर्धारित किया है। इस कड़ी में ग्लोबल सिटी गुरुग्राम में 31 बहुमंजिला सोसायटी में पहली बार 52 पोलिंग बूथ बनाए गए हैं। अग्रवाल रविवार चुनाव प्रबंधों को लेकर समीक्षा बैठक कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आमतौर पर यह धारणा रहती है कि ग्लोबल सिटी गुरुग्राम जैसे शहरों की बहुमंजिला सोसायटी में साधन संपन्न व धनाढ्य व्यक्ति रहते हैं, जो मतदान के प्रति ज्यादा रुचि नहीं लेते हैं, इसलिए हमने पहली बार रेजिडेंट वेलफेयर सोसायटी से बातचीत कर सोसायटी में चुनाव बूथ बनाने की पहल की है। ताकि वे सोसायटी के अंदर ही मतदान कर सकें। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि 76 बादशाहपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत 22 सोसायटी में सर्वाधिक 35 चुनाव बूथ बनाए गए हैं, जबकि 77 गुड़गांव विधानसभा में 8 सोसायटी में 16 बूथ तथा 78 सोहना विधानसभा क्षेत्र की एक सोसायटी में एक बूथ बनाया गया है।

■ मतदान का प्रतिशत 75 प्रतिशत से अधिक करने का लक्ष्य : अग्रवाल

## गरीब परिवारों से शिक्षा का अधिकार छीनना चाह रही सरकार : सैलजा

**चंडीगढ़।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, हरियाणा कांग्रेस की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष, कांग्रेस कार्यसमिति की सदस्य, उत्तराखंड की प्रभारी एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी सैलजा ने कहा कि भाजपा की प्रदेश सरकार लाखों गरीब परिवारों से शिक्षा का अधिकार छीनना चाहती है। सरकारी स्कूलों में 8वीं तक मुफ्त शिक्षा का प्रावधान होने के बावजूद आज तक किताबें नहीं पहुंच पाई हैं। शिक्षा नियम की धारा 134ए को खत्म करने वाली भाजपा सरकार अपने दावों के विपरीत आज तक चिराग योजना के तहत भी निजी स्कूलों में दाखिले नहीं करवा पाई है, जबकि शैक्षणिक सत्र 1 अप्रैल से शुरू हो रहा है। मीडिया को जारी बयान में कुमारी सैलजा ने कहा कि शिक्षा का अधिकार कांग्रेस सरकार की देन है।



हर घर तक, हर बच्चे तक शिक्षा की अलख पहुंचे, इस उद्देश्य से प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह की सरकार ने पूरे देश में इसे लागू किया। प्रदेश में शिक्षा के अधिकार व एजुकेशन रूल 134ए के तहत निजी स्कूलों में गरीब परिवारों के बच्चों को दाखिला देने की व्यवस्था रही। लेकिन, भाजपा सरकार ने एजुकेशन रूल 134ए को खत्म कर दिया और चिराग योजना लेकर आ गए। इस चिराग योजना के तहत भी नए शैक्षणिक सत्र के लिए कोई दाखिल अभी नहीं हुआ है। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सरकारी स्कूलों में पिछले साल छात्रों को 05 महीने देरी से किताबें मिल पाई थी।

## कांग्रेस उम्मीदवारों की सूची जल्द जारी करेगी : उदयभान

**चंडीगढ़।** प्रत्याशियों की सूची को लेकर हरियाणा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष उदयभान ने कहा कि प्रत्याशियों को लेकर गंभीरता से चर्चा की जा रही है। अभी हमारे पास बहुत समय है। उन्होंने कहा कि 31 मार्च को महारैली होने वाली है तो उसके बाद ही सूची जारी की जाएगी। उदयभान ने कहा कि किसी सीनियर लीडर ने मना नहीं किया है चुनाव लड़ने से कुमारी सैलजा अंबाला या सिरसा से लोकसभा चुनाव लड़ सकती हैं। भूपेंद्र हुड्डा के बेटे दीपेंद्र हुड्डा लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं तो कोई मना नहीं कर रहा। हमारे पास अच्छे-अच्छे उम्मीदवार हैं। आने वाले दिनों में प्रत्याशियों का नाम घोषित किया जाएगा।

■ पार्टी के पास उम्मीदवारों की कमी नहीं

## कांग्रेस व आप भ्रष्टाचार के पर्यायवाची, भाजपा का मतलब विकास की गारंटी : डॉ. पूनिया

**चंडीगढ़।** भाजपा के लोकसभा चुनाव प्रभारी डाक्टर सतीश पूनिया ने कहा कि कांग्रेस और केजरीवाल प्रलोभन की राजनीति करते हैं। भ्रष्टाचार में डूबी कांग्रेस और आम आदमी पार्टी चुनाव के समय में जनता को गुमराह करने की कोशिश करती है, लेकिन जनता इन लोगों की नीयत भांप चुकी है। पूनिया ने कहा कि हरियाणा में भाजपा ने करप्शन फ्री और कांग्रेस फ्री सरकार दी है। उन्होंने कहा कि 2014 से पहले सड़कों पर, रेलों में, खेलों में और जेलों में खर्ची और पर्ची की सरकारों की ही चर्चा रहती थी। 2014 के बाद भाजपा की सरकार ने पारदर्शी सिस्टम लागू किया और हर नागरिक को सरकार की योजनाओं से ईमानदारी से जोड़ा। हरियाणा लोकसभा चुनाव प्रभारी पूनिया रविवार को पंचकूला स्थित पार्टी कार्यालय पंचकमल में प्रेसवार्ता को संबोधित कर रहे थे। पूनिया ने यहां दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को भी घेरा। उन्होंने कहा कि केजरीवाल ने जनता के पैसों पर डाका डाला है, अब केजरीवाल का असली चेहरा जनता के सामने आ गया है। इंडी गठबंधन पर बोलते हुए पूनिया ने कहा कि लोकसभा चुनाव में ना इंडी गठबंधन सफल होगा और ना ही केजरीवाल की नीति सफल होगी। डा. पूनिया ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं के परिश्रम और नेताओं के प्रयासों से हरियाणा में मिशन 10 को पूरा करेगी। इस मौके पर राज्यसभा सांसद सुभाष बराला, प्रदेश मीडिया प्रमुख अरविंद सैनी, जिला अध्यक्ष दीपक शर्मा, प्रदेश मीडिया सह प्रभारी संजय आहूजा, प्रदेश मीडिया सह प्रभारी अशोक छाबड़ा, प्रदेश मीडिया सह प्रभारी शमशेर सिंह खरक, प्रदेश मीडिया सह प्रभारी नवीन गर्ग और प्रदेश मीडिया सह प्रभारी मौजूद रहे।

■ पंचकूला स्थित पार्टी कार्यालय पंचकमल में प्रेसवार्ता



पंचकूला। पत्रकारों से बातचीत करते भाजपा लोकसभा चुनाव प्रभारी।

## मेवात मॉडल स्कूलों के समायोजन को विभाग ने बनाया मजाक : खटाना

**चंडीगढ़।** मेवात मॉडल स्कूलों के कर्मचारियों के लिये समायोजन अभिशाप बन गया है। कर्मचारियों को वेतन तक के लाले पड़ गए हैं। कर्मचारियों को पिछले तीन महीने से वेतन नहीं मिला है। जिससे कर्मचारियों को भारी आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। कर्मचारी व संगठन शिक्षा निदेशालय के चक्कर लगा लगा कर थक चुके है। परंतु अधिकारी कुछ भी सुनने को तैयार नहीं है। कर्मचारियों पर जबरन अनुचित व अनरगल शर्तें लगाई जा रही है। उल्लेखनीय है कि मेवात जिले के सभी खंडों में 8 मेवात माडल स्कूल है और इनमें करीब 350 कर्मचारी कार्यरत हैं। जिसमें 250 शिक्षक और करीब 100 गैर शिक्षक कर्मचारी शामिल हैं। हरियाणा सरकार ने 12 जनवरी,2022 को मेवात माडल स्कूलों को स्टाफ सहित शिक्षा विभाग में समायोजित करने की नोटिफिकेशन जारी की थी।

## अश्विनी गुप्ता मेमोरियल रक्तदान कैंप का उद्घाटन

**पंचकूला।** मुख्यमंत्री नायब सैनी ने रविवार को सेक्टर 16 स्थित अग्रवाल भवन में अश्विनी गुप्ता मेमोरियल ट्रस्ट की ओर से आयोजित रक्तदान शिविर का उद्घाटन किया। शिविर में 226 लोगों ने रक्तदान किया। इस दौरान संघ के वरिष्ठ प्रचारक प्रेमजी गोयल, राज्यमंत्री असीम गोयल, संत संपूर्णानन्द ब्रह्मचारी, डॉ. अमृता दीदी ने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए उनके अच्छे स्वास्थ्य की कामना की। इस मौके पर वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड में नाम दर्ज करवा चुके शिव कांवड़ महासंघ के अध्यक्ष राकेश संगर, 234 बार रक्तदान कर चुके पारस राज शर्मा, 22 राज्यों में 160 बार के रक्त दे चुके रणदीप बत्ता, रक्तदान के लिए लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड में नाम दर्ज करवा चुके राकेश रसिला और 114 बार के दानी अजय गुप्ता को सम्मानित किया गया। राकेश संगर हर साल 350 कैंप आयोजित कर करीब 20 हजार यूनिट रक्त एकत्रित करवाते हैं।



## नूंह में पुलिस की बड़ी कामयाबी तीस साइबर ठगों को धर दबोचा

### आरोपियों से 50 मोबाइल व 90 सिम बरामद



**नूंह।** पुलिस द्वारा पकड़े गए साइबर अपराधी।

**नूंह।** नूंह पुलिस को साइबर ठगों पर शिकंजा कसने में बड़ी सफलता हाथ लगी है। बीते साल लॉन्च हुई प्रतिबिंब ऐप साइबर ठगों को दबोचने में कारगर साबित हुई है। डीजीपी और नूंह पुलिस अधीक्षक के दिशा निर्देश पर नूंह में साइबर ठगों पर शिकंजा कसने के लिए एक दो दिवसीय विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान नूंह पुलिस ने अलग-अलग ठिकानों पर दबिश देकर 30 साइबर ठगों को धर दबोचा। सभी के विरुद्ध नूंह साइबर थाना पुलिस ने मुकदमे दर्ज किए हैं। सभी ठग फर्जी दस्तावेजों के आधार पर फर्जी सोशल मीडिया प्रोफाइल,फर्जी बैंक खाते आदि तरीके अपनाकर लोगों के साथ ऑनलाइन ठगी करते थे। इनके कब्जे से 50 मोबाइल और 90 सिम सहित कई दस्तावेज बरामद हुए हैं। ये गिरोह तमिलनाडु, कर्नाटक, दिल्ली, एनसीआर के अलावा यूपी, दिल्ली इत्यादि राज्यों में ठगी को अंजाम देते थे। पुलिस ने एक साथ दबिश देकर आरोपितों को पकड़ा।

### दो दिन चला अभियान

साइबर ठगों को दबोचने के लिए जिले में शनिवार - रविवार को विशेष अभियान चलाया गया। जिसमें जिले की सीआईए और साइबर थाना पुलिस की अलग - अलग गठित टीमों ने सक्रिय साइबर ठगों के ठिकानों पर छापेमारी कर दबोचा। जिनकी पहचान दीन मोहम्मद पुत्र इलियास निवासी बैंसी सदर थाना नूंह, राजुद्दीन पुत्र चाव खान निवासी हामिद कॉलोनी वार्ड नंबर 1 नूंह शहर,आसिफ पुत्र नियाज मोहम्मद निवासी पचगांव सदर थाना तावडू,आरिफ पुत्र आस मोहम्मद निवासी असाइसीका थाना नगीना, सरफराज पुत्र जहीर बसई थाना रोजका मेव,साकिब हुसैन उर्फ बाबा पुत्र मुजीब निवासी ढाड़ौली खुर्द थाना फिरोजपुर झिरका,इजारन पुत्र शेर मोहम्मद निवासी जेहटना थाना पिनगवां और मुनाजिर पुत्र अयूब खान निवासी खोरी खुर्द थाना टपूकड़ा जिला अलवर के अलावा अन्य आरोपी शामिल हैं। प्रतिबिंब पोर्टल से मिली जानकारी के मुताबिक आरोपियों का फर्जी सिम का प्रयोग करते थे।

**चुनावी समीकरण** राव इंद्रजीत का वोट प्रतिशत हर बार बढ़ा, इस बार मार्जिन बढ़ाने पर लगाना होगा जोर

# गुरुग्राम में पुराना प्रदर्शन दोहराना कांग्रेस की बड़ी चुनौती, मुस्लिम प्रत्याशी बिगाड़ सकते हैं समीकरण

नरेन्द्र वत्स ⏭ रेवाड़ी

गुरुग्राम लोकसभा सीट पर कांग्रेस के लिए जहां पिछला प्रदर्शन दोहराने की चुनौती रहेगी, वहीं हर बार वोट प्रतिशत की बढ़त को बरकरार रखने के लिए भाजपा प्रत्याशी राव इंद्रजीत सिंह को भी ताकत लगानी होगी। तीनों चुनावों में राव का वोट प्रतिशत लगातार बढ़ा है, जो पहली बार से लगभग तीन गुणा तक पहुंच गया। इस सीट पर मुस्लिम प्रत्याशियों ने भी दूसरे दलों का खेल बिगाड़ने में बड़ी भूमिका निभाई है। इस बार अगर जेजेपी या इनेलो की ओर से मुस्लिम प्रत्याशी को मैदान में उतारा जाता है, तो इससे कांग्रेस प्रत्याशी को नुकसान उठाना पड़ सकता है। वर्ष 1971 के लोकसभा चुनावों ने कांग्रेस ने गुरूग्राम सीट पर मुस्लिम कार्ड खेलते हुए तैयब हुसैन को मैदान में उतारा था। मुस्लिम वोट बैंक पर मजबूत पकड़ के कारण तैयब हुसैन 51.48 प्रतिशत मतों के साथ सांसद बने थे। स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में के. नरेंद्रा को 33.99 फीसदी मतों के साथ दूसरा स्थान मिला था। वीएचपी प्रत्याशी मोहम्मद हंसूर अली 5.93 फीसदी मतों के साथ तीसरे नंबर पर रहे थे। इन चुनावों के बाद परिसीमन ने गुरूग्राम लोकसभा क्षेत्र का अस्तित्व समाप्त कर दिया था। वर्ष 2009 के लोकसभा चुनाव नए परिसीमन पर हुए थे, जिसमें गुरूग्राम एक बार फिर से अस्तित्व में आ गया था। कांग्रेस ने राव इंद्रजीत सिंह को मैदान में उतारा था। राव महज 22.38 प्रतिशत मतों सांसद बने थे।



राव इन्द्रजीत सिंह



कैप्टन अजय यादव



आफताब अहमद

### इनेलो-जेजेपी प्रत्याशी भी काटेंगे वोट

मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों में इनेलो नेता चौ. ओमप्रकाश चौटाला की मजबूत पकड़ रह चुकी है। वर्ष 2014 के चुनावों में ओपी चौटाला के मुस्लिम कार्ड ने कांग्रेस का समीकरण बिगाड़ने का काम किया था। मुस्लिम वोटों के विभाजन के कारण इनेलो दूसरे नंबर तक पहुंच गई थी, जबकि कांग्रेस प्रत्याशी के तीसरे नंबर पर संतोष करना पड़ा था। गत लोकसभा चुनावों में इनेलो और जेजेपी इस सीट पर 1 फीसदी मत भी हासिल नहीं कर पाई थीं। इस बार अगर दोनों दल मुस्लिम कार्ड खेलते हैं, तो उसका खामियाजा कांग्रेस को भुगतना पड़ सकता है।

### प्रत्याशी के चयन में लगातार हो रही देरी

कांग्रेस अभी तक इस सीट पर अपने प्रत्याशी को लेकर अंतिम निर्णय नहीं पाई है। कैप्टन अजय सिंह अपने किसी एक निर्णय पर अभी तक कायम नहीं रह पाए हैं। वह कभी चुनाव नहीं लड़ने की घोषणा करते हैं, तो कभी टिकट मिलने पर चुनाव के लिए तैयार रहने की बात कहते हैं।

भारत निर्वाचन आयोग
Election Commission of India

चुनाव का पर्व
DESH KA GARV
LOK SABHA ELECTION 2024

# आइए मतदान करें गर्व के साथ

## मनाएं लोकतंत्र का सबसे बड़ा त्योहार

**~97** करोड़ पंजीकृत मतदाता

**~10.5** लाख मतदान केंद्र

**~1.5** करोड़ मतदान अधिकारी और सुरक्षा कर्मचारी



CBC52101/13/0020/2324

**QR कोड स्कैन करें और मतदाता शपथ लें**

इस QR कोड को स्कैन करके और **#IVoteForSure** का उपयोग करके अपने सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर करें तथा **विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र** में अपनी शपथ दर्ज कराएँ

मतदाता हेल्पलाइन पर कॉल करें **1950**

**मतदाता सूची में अपना नाम जांचने और** अपने निर्वाचन क्षेत्र में **मतदान की तारीख जानने के लिए** QR कोड को स्कैन करें

#IVoteForSure #MeraVoteDeshKeLiye

fb.com/ECI | @ecisveep | youtube.com/eci | /company/election-commission-of-india-official | @ecisveep | Election Commission of India

## खबर संक्षेप



रेवाड़ी। नागरिक अस्पताल में उपस्थित मृतक के परिजन व ग्रामीण।

### गाड़ी की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**जाटूसाना।** रामपुरी के पास एक तेज रफ्तार टाटा ऐश गाड़ी की चपेट में आकर बाइक सवार युवक की दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने गाड़ी चालक के खिलाफ केस दर्ज करने के बाद उसकी तलाश शुरू कर दी। गांव निमोठ निवासी करीब 30 वर्षीय अनूप पुत्र जगरूप बाइक लेकर किसी काम से बेरली गया था। घर लौटते समय रामपुरी के पास एक तेज रफ्तार टाटा ऐश गाड़ी ने बाइक को टक्कर मार दी।

### रानियां: युवक की करंट लगने से मौत

**रानियां।** मेन रोड पर मोबाइल मार्केट के नजदीक दो युवक अचानक 11 हजार वोल्टेज के करंट की चपेट में आ गए जिससे एक युवक की मौत हो गई है जबकि दूसरा युवक सुरक्षित बच गया। जानकारी के अनुसार नगराणा निवासी बंटी और गुरदास मजदूरी का काम करते हैं। दोनों युवक किसी काम की वजह से मार्केट आए हुए थे। दोनों युवक जब अपना कामकाज निपटाकर मोबाइल मार्किट से बाहर निकले तो मेन रोड पर बाइक पर जा रहे बंटी और गुरदास को अचानक 11 हजार वोल्टेज का करंट लग गया।

### युवकों को विदेश भेजने के नाम पर 59 लाख ठगे

**कैथल।** पुलिस ने दो युवकों को विदेश भेजने के नाम पर 59 लाख की धोखाधड़ी के दो अलग-अलग मामलों में पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पहले मामले में गांव बरसाना निवासी पवन कुमार ने पूंडरी थाना में शिकायत दी कि वह अपने भतीजे चमन को विदेश में भेजना था। इसके बारे में गांव के सुनील ने कहा कि वह चमन को विदेश भिजवा देगा। उसकी दिल्ली निवासी सन्नी खटक से अच्छी दोस्ती है झांसे में पैसा दे दिया।

## अंदर रखे सिलेंडर फटे, दो किलोमीटर तक धुआं फैला

# देवसर में गद्दा फैक्ट्री में आग, झुलसने दम घुटने से आधा दर्जन पशुओं की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

रविवार दोपहर बाद अचानक गांव देवसर स्थित एक गद्दा फैक्ट्री में आग लग गई। आग के धुएं और झुलसने से करीब आधा दर्जन पशुओं की मौत हो गई। आग से भारी नुकसान का अनुमान है। हालांकि आग की सूचना मिलते ही तत्काल अग्निशमन का दस्ता मौके पर पहुंच गया,लेकिन पांच घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद ही आग पर काबू पाया जा सका। समाचार लिखे जाने तक आग लगने के कारणों का पता नहीं लग पाया। पुलिस व प्रशासन मौके पर मौजूद रहा। जानकारी के अनुसार दोपहर करीब सवा 1 बजे के आसपास गांव देवसर स्थित एक गद्दा फैक्ट्री में आग लग गई। उस वक्त फैक्ट्री में कारीगर कार्य कर रहे थे। आग लगते ही कारीगर व कर्मचारी वहां से भाग निकलने लगे। कर्मचारियों ने इस बारे में तत्काल अग्निशमन दस्ते को सूचना दी।



भिवानी। फैक्ट्री में लगी आग।



आग पर काबू पाने की कोशिश करते दमकल विभाग के कर्मचारी।

सूचना मिलते ही दस्ता मौके पर पहुंचा और आग बुझाने में जुट गया। आग की लपटें शांत होने की बजाए और तेज होती चली गई। उसके बाद भिवानी के अलावा, तोशाम, चरखी दादरी, सिवानी आदि से दमकल गाड़ियों को बुलाया गया। सभी जगहों से पहुंची दमकल गाड़ियों ने आग बुझाने में करीब पांच घंटे का समय लगा। उस वक्त तक भी आग पूरी तरह से शांत नहीं हुई थी।

### धुएं के गुब्बार से पशुओं की मौत

बताते है कि आग की लपटें इतनी भयानक थी कि उनके नजदीक तो पहुंचना दूर करीब सौ फुट दूर भी पहुंचना मुश्किल हो रहा था। आग के साथ निकले धुएं के गुब्बार की वजह से वहां पर रखी गई आधा दर्जन पशुओं का दम घुट गया और उन्होंने दम तोड़ दिया। चूंकि जिस वक्त आग लगी और धुएं का गुब्बार उठा उस वक्त कोई भी व्यक्ति अंदर नहीं जा सका। जब आग की लपट शांत हुई तो गायों के दम घुटने का पता चला। गो रक्षक संजय कुमार ने बताया कि आग से आधा दर्जन पशु जल कर मर गए। आग कैसे लगी इस बात की अंदाजा नहीं लग पाया है।

### कारणों की जानकारी नहीं

सूचना मिलते वे तत्काल मौके पर पहुंचे। उन्होंने अग्निशमन दस्ते की मदद से आग पर काबू पाने का प्रयास किया। आग भयानक तरीके से लगी थी। उठ रहे धुएं ने आसपास के इलाकों में रहने वाले लोगों का भी जीना मुहाल कर दिया। क्योंकि धुएं के गुब्बार से पूरा आसमान भर गया। किसी तरफ कुछ नहीं दिखाई दे रहा था। अभी तक आग लगने के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। जांच की जा रही है। आग से भारी नुकसान जरूर हुआ है। **-मनोज कुमार थाना प्रभारी**

# जींद: पति ने सोटा मारकर पत्नी को उतारा मौत के घाट

- पति तथा पत्नी के बीच अलसुबह हुई थी तकरार, मृतका के भाई की शिकायत पर पति पर हत्या का केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गांव दनौदाखुर्द में रविवार अल सुबह घरेलू कलह के चलते पति ने पत्नी के सिर में सोटा मार कर हत्या कर दी। सदर थाना नरवाना पुलिस ने मृतका के भाईर् की शिकायत पर आरोपित पति के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव दनौदाखुर्द निवासी महेंद्र तथा उसकी पत्नी पूजा (35) चौबारे में सोए हुए थे। रविवार अल सुबह दोनों के बीच किसी बात को लेकर तकरार हो गई। जिस पर महेंद्र ने चारपाई पर लेटी पूजा के सिर में सोटे से कई वार किए। घटना के दौरान उनके दोनों बच्चे चौबरे में मौजूद थे। मां पर वार करते देख बच्चों ने शोर मचाया तो आरोपित महेंद्र का बडा भाई मौके पर पहुंच गया लेकिन तब तक पूजा की मौत हो चुकी थी। जब उसके बडे.भाई ने आरोपित से पूजा की हत्या के बारे में पूछा तो आरोपित ने अपनी पत्नी को कहने-सुनने से बाहर बताया। जिसके बाद आरोपित पति मौके से फरार हो गया। मृतका का भाई मौके पर पहुंच गए और हालातों का जायजा लिया।

### की जा रही जांच

पति पत्नी के बीच कहासुनी हो गई थी। जिस पर पत्नी पर सोटे से हमला कर हत्या कर दी। फिलहाल मृतका के भाई की शिकात पर हत्या का मामला दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है। **-रिषीपाल, प्रभारी सदर थाना नरवाना**

### कमानी लोड कर जमशेदपुर के लिए निकला ट्रक झारखंड में लावारिश हालत में खड़ा मिला, ट्रक मालिक पर केस

**यमुनानगर।** यमुनानगर से 1177 पीस कमानी लोड कर जमशेदपुर के लिए निकला ट्रक झारखंड के गांव बकोरिया में लावारिश हालत में खड़ा मिला। शहर यमुनानगर पुलिस ने महावीर कॉलोनी निवासी ट्रांसपोर्टर गुरदेव शर्मा की शिकायत पर आरोपी चालक अनिल के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार गुरदेव शर्मा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका इंडस्ट्रीयल एरिया में शर्मा ट्रांसपोर्ट के नाम से कार्यालय है। वह यमुना आटो इंडस्ट्री का वैडर है। उसने सात मार्च को लखनऊ निवासी अनिल के ट्रक में यमुनानगर से 1177 पीस कमानी के भरकर जमशेदपुर के लिए भेजा था। 13 मार्च को उसके पास अनिल का फोन आया कि उसके पास पैसे खत्म हो गए हैं। उसने ट्रांसपोर्टर सोनू के कहने पर शर्मा ट्रांसपोर्ट कंपनी के गुगल पे विपिन कुमार के पेटीएम पर डाले।

### फर्जी तरीके से बनवाया आयुष्मान कार्ड, केस दर्ज

**यमुनानगर।** गलत पते व नाम पर चार लोगों ने फर्जी तरीके से आयुष्मान कार्ड बनवा लिए। इनमें से दो आरोपियों ने लगभग एक लाख 80 हजार रुपये का इलाज भी ले लिया। आरोप है कि रिकवरी के लिए नोटिस भेजने के बाद भी आरोपियों ने उसका जवाब नहीं दिया। पुलिस ने सिविल सर्जन की शिकायत पर चारों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। सिविल सर्जन डॉ. मनजीत सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके पास आयुष्मान भारत के सीईओ की ओर से पत्र भेजा गया। जिसमें कहा गया कि सुरेंद्र सिंह, उर्मिला, भूरिया रानी व मिथलेश ने फर्जी तरीके से आयुष्मान भारत योजना का कार्ड बनवाया हुआ है। इसमें से सुरेंद्र सिंह जिनकी आइडी पीएमवी सात एक्सजे नौ एडब्ल्यू है ने सोहाना अस्पताल से 1,39725 रुपये का इलाज कराया है।

## प्रतिबंधित कैप्सूल के साथ पकड़े तस्कर को आठ साल की कैद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

प्रतिबंधित कैप्सूल के साथ पकडे गए कृष्णा नगर कालोनी गांधी नगर निवासी अनिल को अदालत ने आठ साल कैद की सजा सुनाई है। कोर्ट ने दोषी पर 40 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना न देने पर एक साल अतिरिक्त सजा भुगतनी पडेगी। इसके अलावा अदालत ने चूरा पोस्त के साथ गिरफ्तार किए गए पुराना हमीदा निवासी कुलदीप को दो साल कैद व 20 हजार रुपये जुर्माने की सजा की है। जुर्माना न देने पर दोषी को तीन महीने की अतिरिक्त सजा भुगतनी पडेगी। दोनों फैसले अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश यशविंद्र पॉल सिंह की कोर्ट ने सुनाए है। सब इंस्पेक्टर अनिल कुमार ने शिककायत पर कार्रवाई की गई है।



40 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया

### चूरापोस्त के साथ पकड़े युवक को दो साल की कैद

वहीं दूसरे मामले में शहर यमुनानगर पुलिस को दी शिकायत में सीआईए -2 की टीम ने एक अक्टूबर 2020 को वह पुलिस टीम के साथ विश्वकर्मा चौक पर मौजूद था। सूचना मिली कि पुराना हमीदा निवासी कुलदीप सिंह चूरा पोस्त बेचने का काम करता है जो कि गढी रोड पर चूरा पोस्त बेच रहा है। जिस पर रेड की गई। कुलदीप सिंह से आठ किलो 544 ग्राम चूरा पोस्त बरामद हुआ था।

### युवती के संदिग्ध हालात में गायब होने पर अपहरण का केस दर्ज

- 29 मार्च को उसकी बेटी घर से गायब हो गई थी

**जींद।** गांव अलेवा से युवती के संदिग्ध हालात में गायब होने पर अलेवा थाना पुलिस ने एक युवक के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव अलेवा निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत 29 मार्च को उसकी बेटी घर से गायब हो गई। तलाशने तथा पूछताछ करने पर उसकी बेटी को कोई सुराग नही लगा। व्यक्ति ने आरोप लगाया कि जींद निवासी अमन ने उसकी बेटी का अपहरण किया हुआ है। पुलिस ने अमन के खिलाफ अपहरण का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## शंभू बार्डर पर एक किसान की और मौत, शुभकरण की अस्थियां प्रवाहित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

हरियाणा पंजाब की सीमा के शंभू व खनौरी बार्डर पर किसानों के धरने के 46वें दिन रविवार को शंभू बार्डर पर हर्ट अटैक से अमृतसर पंजाब के 71 वर्षीय किसान दया सिंह की हर्ट अटैक से मौत हो गई। वहीं, रविवार को मोहड़ा अनाज मंडी में आयोजित समागम में पहुंचे शंभू बार्डर से शुरू हुई शहीद किसान शुभकरण सिंह की अस्थि कलश यात्रा मोहड़ा अनाज मंडी में समाप्त हो गई। इस दौरान किसानों की ओर से बड़ा समागम आयोजित किया गया। भारी संख्या में महिलाओं के साथ किसानों ने इसमें हिस्सेदारी की। इसके बाद शुभकरण सिंह की अस्थियों को प्रवाहित कर दिया



गया। मंच से इस मौके पर किसान नेताओं ने कहा कि यह आंदोलन देश को बचाने के लिए है। देश की मोदी सरकार को समझ लेना चाहिए कि किसान संगठन देश और संविधान को बचाने के लिए बड़ा संघर्ष करेंगे। उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी ने ही किसानों के कर्ज माफ करने का वायदा किया था। 2023 तक उन्होंने किसानों की आय दोगुनी करने की भी बात कही थी।

### पुलिस अलर्ट रही

मोहड़ा अनाज मंडी में रविवार को श्रद्धांजलि समागम को लेकर पुलिस अलर्ट पर रही। समागम स्थल के आसपास पूरी तैयारी के साथ भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा, ताकि किसी भी सभावित स्थिति से निपटा जा सके। हालांकि पुलिस ने समागम स्थल पर जाने से किसानों को नहीं रोका। समागम में किसानों ने मौन धारण कर शुभकरण को याद किया। रविवार को शंभू बार्डर पर अपनी जान गंवाने वाले दया सिंह को भी किसानों ने याद किया।

### 13 फरवरी को बार्डर पर पहुंचे थे किसान

पंजाब के किसान दिल्ली कूच के लिए 13 फरवरी को शंभू व खनौरी बार्डर पर पहुंचे थे। जहां हरियाणा सरकार ने उन्हें रोक दिया था। दिल्ली कूच को लेकर किसानों व पुलिस के बीच कई बार झड़प भी हुई।

### जवाहर नवोदय विद्यालय की छठी व नौवीं के लिए प्रवेश परीक्षा का परिणाम घोषित

**रेवाड़ी।** जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा 6 तथा 9 के लिए जनवरी व फरवरी माह में संपन्न हुई प्रवेश परीक्षा का परिणाम सीबीएसई की ओर से जारी कर दिया गया है। परीक्षा परिणाम को नवोदय विद्यालय समिति की मुख्य वेबसाइट पर देख सकते है। जिले के नैचाना स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय की छठी कक्षा में ओपन यूआर सीट्स में 9 विद्यार्थी, ओपन बैकवर्ड क्लास कोटे से 5, शेड्यूल्ड कास्ट कोटे से 4, डिसेब्ल्ड कोटे से 1, ट्रिबल कोटे से 1, रूरल ओपन सीट्स में 26, रूरल बैकवर्ड क्लास कोटे से 15, रूरल शेड्यूल्ड कास्ट कोटे से 13 तथा रूरल शेड्यूल्ड ट्रिबल कोटे से 4 विद्यार्थियों सहित कुल 78 विद्यार्थियों का चयन हुआ है।

## राशिफल

**मेष** — किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता के सानिध्य मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**वृष** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। किसी मित्र से वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।

**मिथुन** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। वाणी में मधुरता रहेगी। कार्यक्षेत्र में कठिनाइयां आ सकती है। परिश्रम भी अधिक रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**कर्क** — आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलित रहें। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। तरक्की भी हो सकती है। आय बढ़ेगी।

**सिंह** — आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे, परन्तु धैर्यशीलता में कमी आ सकती है। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। सेहत का ध्यान रखें।

**कन्या** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। कार्यस्थल पर व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें।

**तुला** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ अधिक रहेगी।

**वृश्चिक** — आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के अवसर मिलेंगे। आय में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**धनु** — आत्मविश्वास से लबरेज रहेगें। परन्तु अति उत्साही होने से बचें। संयत रहें। माता का साथ मिलेगा। आय भी बढ़ेगी। संतान को स्वास्थ्य विकार हो सकते हैं।

**मकर** — माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि के साधन बन सकते हैं। तरक्की के योग बन रहे हैं।

**कुंभ** — अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। भाइयों का सहयोग रहेगा।

**मीन** — शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। तरक्की का मार्ग प्रशस्त होगा।


हरिभूमि क्लासीफाइड विज्ञापन

**ज्योतिष**

इंडिया के नं 1 तांत्रिक गुरु भवानी जी
खुला चैलेंज 2 घंटो में घर बैठे फोन पर गारंटिड लाभ



7 इल्मों के माहिर
आपके विश्वास का एक ही नाम
21 सालों से एक ही स्थान पर
स्पे. महावशीकरण, मुठकरनी
लवमैरिज, मनचाहा प्यार, वशीकरण ग्रहक्लेश, जादू-टोना, शादी कारोबार रुकावट, रुठे मनाना, किया-कराया पति-पत्नी अनबन,सौतन-दुश्मन छुटकारा, कोर्ट कचहरी आदि
9988289203

**ज्योतिष**

समस्या बताएं तुरंत समाधान पाये
नौकरी, व्यापार, मनचाहा प्यार, शादी, ग्रहकलेश, पति पत्नी में अनबन, सौतन-दुश्मनो से छुटकारा, मुकदमा रूठो को मनाना, तलाक में बाधा, बनते-बनते काम बिगड़ जाना, लव मैरिज आदि
दीपक शास्त्री
E-13, आर्य समाज रोड, उत्तम नगर, नई दिल्ली-59
8586896357

**सूचना**
सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।


## सतगुरु ने गोहाना स्थित राधास्वामी आश्रम में सत्संग फरमाए

# चौरासी लाख योनियो में इंसान के तुल्य कोई नहीं: कंवर साहेब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

चौरासी लाख योनियो में इंसान के तुल्य कोई नहीं है क्योंकि यही वो यौनि है जिसमें परमात्मा के हुक्म से उन्हीं के अंश के रूप में सन्त प्रकट होते हैं और जीवों को भक्ति और मुक्ति का मार्ग सुझाते हैं। परमात्मा का नाम मुक्ति की युक्ति हैं। जो सन्त सतगुरु से नाम भेद लेकर उन्हीं के हुक्म में रहना सीख जाता है वो सारे बन्धनों से अपने आप को मुक्त करवा जाता है। यह सत्संग वचन परमसन्त सतगुरु कंवर साहेब महाराज ने गोहाना के पानीपत रोड पर स्थित राधास्वामी आश्रम में फरमाये। हुजूर कंवर साहेब ने उपस्थित संगत को उच्च कोटि का सत्संग फरमाते हुए कहा कि सुमिरन भी कई प्रकार है। एक है स्वयं की स्वार्थपूर्ति के लिए दूसरा है किसी के अनिष्ट के लिए और तीसरा है रूह के कल्याण के लिए। इसमें ना स्वयम की ना औरों के प्रति कामना है ना स्वार्थ। यह आपके ऊपर निर्भर है कि आप इस संसार से रोते हुए जाओगे या मस्त फकीरी में। गुरु महाराज ने कहा जो रूहानी खुराक हमें जिन्दा गुरु से मिलती है वो मूर्ति पूजा या मंदिर मस्जिद या घाटों पर नहीं मिल सकती। सन्त सतगुरु की शरणाई ली है तो मन वचन और कर्म से किसी को कष्ट मत दो। नेकी करो और दरिया में डालो। उन्होंने कहा इस जगत में कोई सुखी नहीं है। हम दुनिया के पदाथारे् को ही सुख मान लेते हैं। सुख है तो नाम की कमाई में है। उन्होंने कहा कि अहंकार का फंदा हर गले में है। किसी को पद का किसी को दौलत का तो किसी को शक्ति का अहंकार आ जाता है यहीं अहंकार आपको कमारे् से गिराता है। सन्त सतगुरु की शरण से इंसान अहंकार से मुक्त होता है। गुरु महाराज ने फरमाया कि बुराई की कोई पाठशाला नहीं है फिर भी हम बुराई को जल्दी सीख जाते हैं क्योंकि हमारे अंदर की नकारात्मक शक्तियां पहले से सक्रिय होती हैं। सन्त की शरणाई नकारात्मक को सकारात्मक में बदलती है।



गोहाना। गोहाना के पानीपत रोड पर स्थित राधास्वामी आश्रम में आयोजित सत्संग में प्रवचन करते हुए संत कंवर साहेब।

### साइबर ठगों ने डॉक्टर की मां के खाते से निकाले 99 हजार

**यमुनानगर।** साइबर ठगों ने सरस्वती नगर निवासी डॉ. अविनाश कौर की माता से फोन पर ओटीपी लेकर उसके खाते से 99 हजार 799 रुपये दूसरे खाते में ट्रांसफर कर लिए। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।


**COURT NOTICE**
(U/o 5 Rule 20 CPC)
IN THE COURT OF **Sh. Puneet Limbha**
Civil Judge (Junior Division), Ganaur
**Canara Bank**
**Vs.**
**Babita**
CNR No. HRSOA0-000043-2024
Next Date:- 16-05-2024
**Suit for Recovery of Rs. 89,023/-**
**PUBLICATION ISSUED TO :-**
**Babita**
**:-VIRENDER RATHI**
**HOUSE NO 97, VILLAGE RAJPUR TEHSIL GANAUR**
In above titled case, the defendant(s)/respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s)/respondent(s) should appear in person or through counsel on **16-05-2024 at 10:00 a.m.**
For details logon to **https://highcourtchd.gov.in/?trs=district_notice&district-Sonipat**
**Sd/- Civil Judge (Junior Division) Ganaur**
Dated, this day of 30-03-2024


## शब्द पहेली - 5468

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 | | 2 | | 3 | ■ | 4 | | 5 | 6 |
| 7 | | ■ | | ■ | 8 | | | ■ | 9 | |
| | ■ | 10 | | | | ■ | 11 | 12 | ■ | |
| 13 | | | | ■ | 14 | 15 | ■ | 16 | 17 | |
| | ■ | | ■ | 18 | | | ■ | ■ | | ■ |
| 19 | 20 | | | | ■ | 21 | | 22 | | 23 |
| ■ | | ■ | ■ | 24 | 25 | | ■ | | ■ | |
| 26 | | 27 | ■ | 28 | | ■ | 29 | | | |
| | ■ | 30 | 31 | ■ | 32 | | | | ■ | |
| 33 | 34 | ■ | 35 | | | ■ | | ■ | 36 | |
| 37 | | | | ■ | 38 | | | | | ■ |

**बाएँ से दाएँ**
1.फिल्म 'बॉबी' के निर्माता-निर्देशक -2,3
4.आश्चर्य, विलक्षणता-4
7.जीत, फतेह-2
8.आकाश रेखा, छोर-3
9.तल, पैंदा-2
10.थाती, धरोहर-4
11.मोटा आटा-2
13.सलाह, मशवरा-4
14.अन्य, वो, तिन-2
16.घर,गृह-3
18.धावक (अंग्रेजी-3)
19.नाम रखना-2,3
21.परामर्शदाता-5
24.सुनसान, नीरव-3
26.वन, जंगल-3
28.मिट्टी, रेत-2
29.चेतनाहीन-4
30.पराग कण-2
32.भयभीत होना-4
33.छोटी सवारी गाड़ी-2
35.फूलों का हार जो बालों में लगाते हैं,वेणी-3
36.द्वार,किवाड़-2
37.जनता की राय-4
38.नाटक लिखने वाला-5

**ऊपर से नीचे**
1.मत, सलाह-2
2.करतब-4
3.वह जंगल जो संरक्षित हो-3,2
4.अनश्वर, चिरयुवा-3
5.लीन, मग्न-2
6.जलाऊ लकड़ी-4
7.रनिवास 3,2
10.मूर्ख (उर्दू-4)
12.बांया-2
15.आनंदित होना-4
17.शत्रुघ्न सिन्हा व रीना राय की फिल्म-3
18.योद्धा-4
20.अमिताभ के तिहरे रोल वाली फिल्म-3
22.मुआवजा-4
23.चित्रपट, फिल्मी दुनिया-3,2
25.राज वंश-2,3
26.काम, कार्य-4
27.मादा का विलोम-2
29.उपद्रव फैलाने वाला-4
31.दुनिया, जहान-3
34.क्रिकेट में बनते हैं-2
36.पंख, पराया-2

**शब्द पहेली- 5467 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | रा | ज | क | ता | ■ | ■ | म | वा | ली | ■ |
| स | म | ■ | ल | ■ | चा | ला | न | ■ | ख | त |
| मा | ■ | ■ | प | ना | ह | ■ | न | ■ | ■ | म |
| न | ज | रा | ना | ■ | ■ | म | ■ | क | या | स |
| ता | ■ | व | ■ | ना | ला | य | क | ■ | प | ■ |
| ■ | प्रा | ण | ■ | म | ■ | खा | ■ | जा | न | ■ |
| ■ | रु | ■ | आ | ज | मा | ना | ■ | हि | ■ | म |
| स | प | ना | ■ | द | ■ | ■ | ब | ल | वा | न |
| र | ■ | ■ | स | ■ | ल | की | र | ■ | ■ | भा |
| ल | व | ■ | न | सी | ब | ■ | सा | ■ | दा | व |
| ■ | ध | म | की | ■ | ■ | इ | त | मी | ना | न |

## सूडोकु नवताल- 5479

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2 | | | | 1 | | |
| | | | | 2 | 5 | 7 | 3 | |
| | 9 | 4 | | 6 | 7 | | | 2 |
| | 5 | | 4 | | 3 | | | 9 |
| | 8 | | | 9 | | | 7 | |
| 1 | | | 6 | | 8 | | 2 | |
| 6 | | | 7 | 4 | | 9 | 5 | |
| | 4 | 5 | 8 | 3 | | | | |
| | | 8 | | | | 6 | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल- 5478 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 1 | 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 |
| 8 | 2 | 3 | 4 | 5 | 9 | 1 | 7 | 6 |
| 4 | 5 | 7 | 1 | 6 | 8 | 3 | 9 | 2 |
| 5 | 6 | 8 | 7 | 1 | 2 | 9 | 3 | 4 |
| 1 | 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 2 | 6 | 5 |
| 2 | 3 | 9 | 5 | 4 | 6 | 8 | 1 | 7 |
| 7 | 4 | 1 | 8 | 9 | 5 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 8 | 5 | 6 | 2 | 1 | 7 | 4 | 9 |
| 6 | 9 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 | 1 |

# बोपन्ना सबसे उम्रदराज एटीपी मास्टर्स 1000 चैंपियन, मियामी ओपन जीत बने वर्ल्ड नंबर-1

एजेंसी ▶▶ मियामी

भारत के स्टार टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना ने सबसे उम्रदराज एटीपी मास्टर्स 1000 चैंपियन बनने के अपने रिकॉर्ड में सुधार करते हुए आस्ट्रेलिया के जोड़ीदार मैथ्यू इबडेन के साथ यहां मियामी ओपन में पुरुष युगल का खिताब जीता।

इस साल अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए 44 साल बोपन्ना और इबडेन की जोड़ी ने शुरुआती सेट में पिछड़ने के बाद शनिवार को हार्ड रॉक स्टेडियम में क्रोएशिया के इवान डोडिग और अमेरिका के ऑस्टिन क्राजिसेक की जोड़ी पर 6-7(3), 6-3, 10-6 से रोमांचक जीत हासिल की। इस जीत के साथ बोपन्ना ने पिछले साल बनाए अपने ही रिकॉर्ड में सुधार किया। उन्होंने बीते साल 43 बरस की उम्र में इंडियन वेल्स खिताब जीता था। उन्होंने इसके साथ ही युगल रैंकिंग में शीर्ष स्थान भी हासिल किया।

- इबडेन के साथ जीता पुरुष युगल का खिताब
- डोडिग-ऑस्टिन को 6-7(3), 6-3, 10-6 से हराया

## 26वां युगल खिताब

यह बोपन्ना का 14वां एटीपी मास्टर्स 1000 फाइनल था। इस अनुभवी भारतीय खिलाड़ी का यह 63वां एटीपी टूर स्तर का फाइनल और 26वां युगल खिताब था। बोपन्ना ने इस दौरान एक और उपलब्धि हासिल की। वह लिएंडर पेस के बाद सभी नौ एटीपी मास्टर्स स्पर्धाओं के फाइनल में पहुंचने वाले दूसरे भारतीय बन गए।



*'यह आश्चर्यजनक है। हम इन बड़े आयोजनों में अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं, हम इसी के लिए खेलते हैं। मैं मास्टर्स 1000 और ग्रैंड स्लैम में अच्छा प्रदर्शन करना चाहता हूं। उस रिकॉर्ड को बरकरार रखना और बाकी सभी को कड़ी टक्कर देना अच्छा है।'*

*- रोहन बोपन्ना*

## 26वां युगल खिताब

*यह बोपन्ना का 14वां एटीपी मास्टर्स 1000 फाइनल था। इस अनुभवी भारतीय खिलाड़ी का यह 63वां एटीपी टूर स्तर का फाइनल और 26वां युगल खिताब था। बोपन्ना ने इस दौरान एक और उपलब्धि हासिल की। वह लिएंडर पेस के बाद सभी नौ एटीपी मास्टर्स स्पर्धाओं के फाइनल में पहुंचने वाले दूसरे भारतीय बन गए।*

## छठी बार जीता एटीपी मास्टर्स

बोपन्ना ने छठी बार एटीपी मास्टर्स जीता है। बोपन्ना ने साल 2011 में पहली बार पाकिस्तान के एसम-उ-हक- कुरेशी के साथ जीता था। इसके बाद से बोपन्ना ने साल 2012 पेरिस, 2015 मैड्रिड, 2017 मोन्टे कार्लो और साल 2023 में इंडियन वेल्स मास्टर्स जीता था। एटीपी मास्टर्स नौ टेनिस टूर्नामिंट्स की एक सीरीज है। ग्रैंड स्लैम जीतने पर 2000 पॉइंट मिलते है, वहीं, मास्टर्स जीतने पर 1000 पॉइंट्स एड होते हैं।



## दो बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन

रोहन बोपन्ना ने इस साल जनवरी में ऑस्ट्रेलियन ओपन का टाइटल जीता था। 43 साल के बोपन्ना अपने ऑस्ट्रेलियाई साथी मैथ्यू इबडेन के साथ साल के पहले ग्रैंड स्लैम की मेंस डबल में चैंपियन बने। इसी के साथ बोपन्ना ने पहला मेंस डबल्स ग्रैंड स्लैम टाइटल जीता और ओपन एरा में ऐसा करने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी भी बने थे। इससे पहले उन्होंने 2017 में कनाडा की गैब्रिएला डाब्रोव्स्की के साथ फ्रेंच ओपन में मिक्स्ड डबल्स खिताब जीता था।

---

## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| कोलकाता | 2 | 2 | 0 | 4 |
| चेन्नई | 3 | 2 | 1 | 4 |
| राजस्थान | 2 | 2 | 0 | 4 |
| गुजरात | 3 | 2 | 1 | 4 |
| हैदराबाद | 3 | 1 | 2 | 2 |
| लखनऊ | 2 | 1 | 1 | 2 |
| दिल्ली | 3 | 1 | 2 | 2 |
| पंजाब | 3 | 1 | 2 | 2 |
| बेंगलोर | 3 | 1 | 2 | 2 |
| मुंबई | 2 | 0 | 2 | 0 |

**ऑरेंज कैप**



विराट कोहली
181 रन
बेंगलोर

**पर्पल कैप**



मुस्तफिजुर रहमान
07 विकेट
चेन्नई

## खबर संक्षेप



### पीसीबी ने बाबर को बनाया टी20 और वनडे का कप्तान

**लाहौर।** पाकिस्तान के पूर्व कप्तान बाबर आजम को टी20 विश्व कप से दो महीने पहले रविवार को फिर से सफेद गेंद प्रारूप का कप्तान नियुक्त किया गया। बाबर टी20 कप्तान के रूप में तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी की जगह लेंगे, जिन्होंने जनवरी में न्यूजीलैंड के खिलाफ श्रृंखला में 1-4 की हार में पाकिस्तान का नेतृत्व किया था। यह निर्णय पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड की चयन समिति की सर्वसम्मत सिफारिश के बाद लिया गया। पीसीबी ने कहा, 'पीसीबी की चयन समिति की सर्वसम्मत सिफारिश के बाद बोर्ड अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने बाबर आजम को पाकिस्तान पुरुष क्रिकेट टीम के सफेद गेंद प्रारूप (वनडे और टी20 अंतरराष्ट्रीय) कप्तान नियुक्त किया है।' पीसीबी प्रमुख नकवी के साथ लाहौर में हाल ही में एक बैठक के दौरान, बाबर ने कथित तौर पर अपने कार्यकाल को लेकर आश्वासन के साथ टेस्ट टीम का कप्तान भी नियुक्त करने की मांग की थी।

### भारत में मुझे अभी तक नहीं हुई कोई समस्या



**नई दिल्ली।** भारतीय हॉकी टीम के मुख्य कोच क्रेग फुल्टोन के पूर्व सहयोगी यानेक शॉपमैन ने भले ही हॉकी इंडिया पर भेदभाव करने का आरोप लगाते हुए अपने पद से इस्तीफा दे दिया हो लेकिन उन्हें इस तरह की समस्या का सामना नहीं करना पड़ा है और उन्हें हर तरफ से पूरा सहयोग मिल रहा है। शॉपमैन भारतीय महिला हॉकी टीम की मुख्य कोच थीं जबकि फुल्टोन पुरुष टीम के मुख्य कोच हैं। शॉपमैन ने फरवरी में इस पद से इस्तीफा दे दिया था। फुल्टोन ने कहा, 'मुझे अब तक कोई समस्या नहीं हुई है। मुझे अच्छा समर्थन मिला है। मेरे चयन में स्पष्टता है। मुझे सीनियर खिलाड़ियों का पूरा समर्थन मिला है और उन्हें मेरी चीजें अच्छी तरह समझ आती हैं। मौजूदा स्टाफ से लेकर नये स्टाफ तक हम सभी एक सा ही सोचते हैं। जब टीम में इस तरह का भरोसा हो, खिलाड़ियों का भरोसा हो और आप क्या करना चाहते हो, आपके लक्ष्य क्या हैं, यह पता हो तो मुझे लगता है कि आपके पास भारत में अच्छा करने का अच्छा मौका है।'

## तीन मैचों में दो जीत से चौथे स्थान पर टाइटंस

# गुजरात ने हैदराबाद को 7 विकेट से रौंदा, मोहित बने मैच के हीरो

एजेंसी ▶▶ अहमदाबाद

गुजरात टाइटंस ने इंडियन प्रीमियर लीग मैच में रविवार को यहां सनराइजर्स हैदराबाद को सात विकेट से शिकस्त दी। मोहित शर्मा ने डैथ ओवरों में बेहतरीन प्रदर्शन किया जबकि अफगानिस्तान के स्पिनरों राशिद खान और नूर अहमद ने बीच के ओवरों में किफायती गेंदबाजी की जिसके दम पर गुजरात टाइटंस ने सनराइजर्स हैदराबाद को आठ विकेट पर 162 रन पर रोक दिया। टाइटंस ने 19.1 ओवर में तीन विकेट पर 168 रन बनाकर मैच अपने नाम किया। डेविड मिलर ने मांसपेशियों में खिंचाव के बावजूद 44 रन की नाबाद पारी में चार चौके और दो छक्के लगाए। उन्होंने बी साई सुदर्शन (45 रन) के साथ तीसरे विकेट के लिए 64 रन की साझेदारी कर जीत की नींव रखी और फिर विजय शंकर (नाबाद 14 रन) के साथ 18 गेंद में 30 रन जोड़कर टीम को लक्ष्य के पार पहुंचाया। सलामी बल्लेबाज ऋद्धिमान साहा (13 गेंद में 25 रन) और शुभमन गिल (28 गेंद में 36 रन) ने भी बल्ले से उपयोगी योगदान दिया।





### राशिद गुजरात के बेस्ट गेंदबाज

राशिद खान गुजरात टाइटंस के लिए सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए। राशिद के खाते में 49 विकेट हो गए हैं। उन्होंने मोहम्मद शमी को पीछे छोड़ दिया, जिन्होंने गुजरात के लिए 48 विकेट चटकाए थे। अहमदाबाद के मैदान पर सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ राशिद ने चार ओवर में 33 रन देकर एक विकेट हासिल किया। राशिद ने 14वें ओवर में हेनरिक क्लासेन को बोल्ड किया। राशिद खान ने मैच में शानदार फील्डिंग भी की। उमेश यादव की गेंद पर एडन मार्करम का राशिद खान ने शानदार डाइव लगाकर कैच लपका।

### एक भी फिफ्टी नहीं बनने से मिली हार

गुजरात टाइटंस के खिलाफ मिली हार के बाद कप्तान पैट कमिंस ने कहा, /"अच्छा क्रिकेट मैच रहा। अंत में काफी टाइट मुकाबला रहा। शायद हमको 10 से 15 रन और बनाने चाहिए थे। मुझे लगता है कि गुजरात के गेंदबाजों ने अच्छी गेंदबाजी की। हमारी ओर से कोई भी बल्लेबाज फिफ्टी नहीं लगा सका। हमको आज लगा कि पिच थोड़ा स्लो खेलेगी और ऑफ कटर्स असरदार रहेगी। हमारे पास 8 बॉलिंग ऑप्शन भी मौजूद थे। हालांकि, मेरे हिसाब से पिच दोनों ही पारियों में एक जैसा खेली। पिछले कुछ मैचों में बल्लेबाजों का प्रदर्शन दमदार रहा था, लेकिन आज वह उम्मीदों पर खरे नहीं उतर सके।

### स्कोर बोर्ड

| सनराइजर्स हैदराबाद | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| मयंक का दर्शन बो अजमतुल्लाह | 16 | 14 | 3 | 0 |
| ट्रेविस हेड बो नूर अहमद | 19 | 17 | 2 | 0 |
| अभिषेक का गिल बो मोहित | 29 | 20 | 2 | 2 |
| मार्कराम का राशिद बो उमेश | 17 | 19 | 0 | 0 |
| हेनरिच क्लासेन बो राशिद | 24 | 13 | 1 | 2 |
| अहमद का तेवतिया बो मोहित | 22 | 20 | 1 | 1 |
| अब्दुल समद रन आउट | 29 | 14 | 3 | 1 |
| सुंदर का राशिद बो मोहित | 00 | 01 | 0 | 0 |
| पैट कमिंस नाबाद | 02 | 02 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 04, कुल : 20 ओवर में 162/8
गेंदबाजी : उमरजई 3-0-24-1, उमेश यादव 3-0-28-1, राशिद 4-0-33-1, अहमद 4-0-32-1, मोहित 4-0-25-3, दर्शन 2-0-18-0

| गुजरात टाइटंस | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| साहा का कमिंस बो शाहबाज | 25 | 13 | 1 | 2 |
| गिल का समद बो मार्कंडेय | 36 | 28 | 2 | 1 |
| सुदर्शन का अभिषेक बो कमिंस | 45 | 36 | 4 | 1 |
| डेविड मिलर नाबाद | 44 | 27 | 4 | 2 |
| विजय शंकर नाबाद | 14 | 11 | 2 | 0 |

अतिरिक्त : 04, कुल : 19.1 ओवर में 168/3
गेंदबाजी : भुवनेश्वर 4-0-27-0, शाहबाज 2-0-20-1, उनादकट 3.1-0-33-0, वाशिंगटन 3-0-27-0, मार्कंडेय 3-0-33-1, कमिंस 4-0-28-1





# दिल्ली ने खाता खोला सीएसके की पहली हार

## अर्धशतक से पंत ने हासिल की लय

एजेंसी ▶▶ विशाखापत्तनम

कप्तान ऋषभ पंत (51 रन) के अर्धशतक जड़कर लय हासिल करने के बाद दिल्ली कैपिटल्स ने रविवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में गत चैम्पियन चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) को 20 रन से हराकर इस सत्र में अपना खाता खोल लिया। पिछले दो मैच गंवाने वाली दिल्ली कैपिटल्स ने डेविड वार्नर (52 रन) और पृथ्वी साव (43 रन) के बीच पहले विकेट के लिए 93 रन की साझेदारी के बाद पंत के अर्धशतक से पांच विकेट पर 191 रन का प्रतिस्पर्धी स्कोर खड़ा किया। दिसंबर 2022 में कार दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल होने के बाद टूर्नामेंट से वापसी कर रहे पंत की 32 गेंद की अर्धशतकीय पारी आकर्षण का केंद्र रही जिसमें चार चौके और तीन छक्के जड़े थे। लक्ष्य का पीछा करने उतरी सीएसके को तेज गेंदबाज खलील अहमद (21 रन देकर दो विकेट) ने शुरुआती झटके दिये जिससे टीम उबर नहीं सकी और छह विकेट पर 171 रन ही बना सकी।

यह सीएसके की इस सत्र में तीन मैच में यह पहली हार है। सीएसके के लिए अजिंक्य रहाणे ने 30 गेंद में 45 रन और डेरिल मिचेल ने 26 गेंद में 34 रन बनाये। महेंद्र सिंह धोनी इस सत्र में पहली बार बल्लेबाजी करने उतरे तो दर्शकों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। धोनी ने आते ही मुकेश कुमार (21 रन देकर तीन विकेट) पर चौका लगाकर शुरुआत की।

# हार्दिक-सलीमा वर्ष के सर्वश्रेष्ठ हॉकी खिलाड़ी अशोक को पिता के नाम का ध्यानचंद अवार्ड

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

युवा मिडफील्डर हार्दिक सिंह और डिफेंडर सलीमा टेटे को वर्ष 2023 के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का हॉकी इंडिया बलबीर सिंह सीनियर पुरस्कार दिया गया जबकि मेजर ध्यानचंद के नाम पर लाइफटाइम अचीवमेंट सम्मान उनके बेटे अशोक कुमार को मिला।

पिछले साल एफआईएच वर्ष के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार भी जीतने वाले हार्दिक ने पुरस्कार की दौड़ में पी आर श्रीजेश और हरमनप्रीत सिंह जैसे सीनियर खिलाड़ियों को पछाड़ा। टोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता भारतीय टीम के सदस्य रहे 25 वर्ष के हार्दिक सौ से अधिक अंतरराष्ट्रीय मैच खेल चुके हैं। झारखंड के सिमडेगा जिले की टेटे टोक्यो ओलंपिक में चौथे स्थान पर रही भारतीय महिला टीम का हिस्सा थी। उन्होंने पुरस्कार की दौड़ में अपनी कप्तान और एफआईएच वर्ष की सर्वश्रेष्ठ महिला गोलकीपर का पुरस्कार जीतने वाली सविता पूनिया को पछाड़ा। वर्ष के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी को पुरस्कार के तौर पर 25 लाख रुपए और प्रशस्ति पत्र दिया गया।





### अवार्ड विजेता खिलाड़ी

| खिलाड़ी | अवार्ड |
|---|---|
| हार्दिक सिंह | सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी |
| हार्दिक सिंह | सर्वश्रेष्ठ मिडफील्डर |
| सलीमा टेटे | सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी |
| पी आर श्रीजेश | सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर |
| हरमनप्रीत सिंह | सर्वश्रेष्ठ डिफेंडर |
| अभिषेक | सर्वश्रेष्ठ फॉरवर्ड |
| अशोक कुमार | लाइफटाइम अचीवमेंट |

### अलग-अलग विदेशी कोच नियुक्त करेगा पीसीबी

**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने लाल गेंद और सफेद गेंद प्रारूपों के लिए अलग-अलग विदेशी कोच नियुक्त करने का फैसला किया है और सूत्रों के अनुसार इसमें ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज जेसन गिलेस्पी और पूर्व दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज गैरी कर्स्टन को संभावित उम्मीदवारों के रूप में शामिल किया गया है। पीसीबी ने शनिवार को आधिकारिक तौर पर लाल गेंद और सफेद गेंद कोच के पदों के लिए विज्ञापन जारी किया। इच्छुक उम्मीदवार (विदेशी और स्थानीय) 15 अप्रैल तक आवेदन कर सकते हैं और उनके पास न्यूनतम लेवल दो कोचिंग की पात्रता होने के अलावा घरेलू, अंतरराष्ट्रीय या फ्रेंचाइजी टीम को कोचिंग देने का कम से कम पांच साल का अनुभव होना चाहिए। इसमें कहा गया है कि उच्च स्तर की कोचिंग पात्रता वाले उम्मीदवारों को नियुक्तियों में प्राथमिकता दी जाएगी।

# श्रीलंका ने बिना शतक के बनाया टेस्ट क्रिकेट का सबसे बड़ा स्कोर

## 531 रन बनाकर भारत का 48 साल पुराना 524/9 का रिकॉर्ड तोड़ा

एजेंसी ▶▶ चट्टोग्राम

बांग्लादेश और श्रीलंका के बीच दूसरा टेस्ट मैच चट्टोग्राम के मैदान पर खेला जा रहा है। रविवार को श्रीलंका ने पहली पारी में सभी विकेट खोकर 531 रन बनाए। श्रीलंकाई टीम की तरफ से पहली पारी में किसी भी प्लेयर ने शतक नहीं जड़ा। श्रीलंकाई टीम ने इस मैच में टेस्ट का हाईएस्ट स्कोर बनाया और भारत का 48 साल पुराना रिकॉर्ड ध्वस्त किया।

भारत ने 1976 में न्यूजीलैंड के खिलाफ 524/9 का स्कोर बनाया था, जिसे अब श्रीलंका ने तोड़ दिया। ऐसे में श्रीलंकाई टीम के किसी बैटर ने पहली पारी में शतक नहीं जमाया और बिना सेंचुरी के श्रीलंका ने टेस्ट का सबसे बड़ा स्कोर बनाया। दरअसल, बांग्लादेश के खिलाफ श्रीलंकाई टीम ने दूसरे टेस्ट की पहली पारी में 531 रन बनाए। श्रीलंका की तरफ से सबसे ज्यादा रन विकेटकीपर बल्लेबाज कुशल मेंडिस ने बनाए। उन्होंने 150 गेंदों में 11 चौके और 1 छक्के की मदद से 93 रन बनाए। कामिंदु मेंडिस 92 रन की नाबाद पारी खेलकर लौटे। उन्होंने 167 गेंदों में 7 चौके और 2 छक्के लगाए। दिमुथ करुणारत्ने के बल्ले से 86 और कप्तान धनंजय ने 70 रन बनाए। दिनेश ने 59 और निशान ने 57 रन का योगदान दिया।



## पंड्या की अगुवाई में शुरुआती दो मैचों में मिली हार

# मुंबई को राजस्थान के खिलाफ वापसी का भरोसा

एजेंसी ▶▶ मुंबई

हार्दिक पंड्या की अगुवाई में शुरुआती दो मैचों में हार का सामना करने वाली मुंबई इंडियंस की टीम लय में चल रही राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ सोमवार को यहां अपने घरेलू मैदान पर उतरेगी तो हार के सिलसिले को खत्म करना चाहेगी। मुंबई को आईपीएल में अपनी धीमी शुरुआत के लिए जाना जाता है और पंड्या के कप्तान बनने के बाद भी इस में कोई बदलाव नहीं आया है।

मुंबई इंडियंस को पांच खिताब दिलाने वाले रोहित शर्मा की जगह पंड्या को कप्तान बनाए जाने का फैसला प्रशंसकों को नागवार गुजरा और इस हरफनमौला खिलाड़ी को शुरुआती मैचों में दर्शकों की हूटिंग का भी सामना करना पड़ा। मुंबई इंडियंस को पंड्या की पूर्व टीम गुजरात टाइटंस ने सत्र के पहले मैच में छह रन से हराया जबकि हैदराबाद में बड़े स्कोर के रिकॉर्ड वाले मैच में सनराइजर्स हैदराबाद ने उसे 32 रन से शिकस्त दी।

इन दो हार के बाद टीम अंक तालिका में सबसे नीचे 10वें पायदान पर है। यह हालांकि आईपीएल के 17 वें सत्र का शुरुआती चरण है लेकिन मुंबई की टीम हार के सिलसिले को खत्म करने के साथ अपने नेट रन रेट (-0.925) को भी सुधारना चाहेगी। मुंबई को अपने अनुभवी खिलाड़ी सूर्यकुमार यादव की कमी खल रही है जो चोट से उबर रहे है।



### रॉयल्स का शानदार प्रदर्शन

*दोनों टीमों के बीच पिछले पांच मैचों में मुंबई की टीम चार जीत दर्ज करने में सफल रही है लेकिन संजू सैमसन की अगुवाई वाली राजस्थान रॉयल्स ने इस सत्र में अब तक कमाल का प्रदर्शन किया है। टीम ने अपने दोनों मैच जीते है और इस दौरान उसके ज्यादातर खिलाड़ियों का प्रदर्शन अच्छा रहा है। सैमसन आईपीएल के शुरुआती चरण में बेहतरीन लय में है बेहद प्रतिभाशाली यशस्वी जायसवाल इस सत्र अपना पहला बड़ा स्कोर बनाने के लिए उत्सुक होंगे। जायसवाल अपने घरेलू मैदान पर लौट रहे हैं, जहां उन्होंने दोनों टीमों के बीच खेले गए पिछले मैच में 62 गेंदों में 124 रनों की तूफानी पारी खेली थी। मध्यक्रम में रियान पराग पर भरोसा दिखाना राजस्थान के लिए अच्छा साबित हो रहा है।*

# विश्व कप में वापसी करेंगी चानू ओलंपिक कोटा होगा पक्का

एजेंसी ▶▶ फुकेट

टोक्यो ओलंपिक की रजत पदक विजेता भारोत्तोलक मीराबाई चानू छह महीने चोट के कारण ब्रेक के बाद आईडब्ल्यूएफ विश्व कप के जरिए वापसी करेंगी ताकि पेरिस ओलंपिक का टिकट कटा सके। विश्व कप आखिरी क्वालीफाइंग टूर्नामेंट ही नहीं है बल्कि पेरिस खेलों के लिए अनिवार्य भी है।

विश्व कप में उनकी भागीदारी ही पेरिस का टिकट कटाने के लिए काफी होगी क्योंकि पूर्व विश्व चैंपियन महिलाओं की 49 किलो ओलंपिक क्वालीफिकेशन रैंकिंग में दूसरे स्थान पर है। ओलंपिक 2024 क्वालीफिकेशन नियमों के तहत विश्व चैंपियनशिप 2023 और विश्व कप 2024 में भाग लेना अनिवार्य है। इन दोनों टूर्नामेंटों के अलावा भारोत्तोलक को 2022 विश्व चैंपियनशिप, 2023 उपमहाद्वीपीय चैंपियनशिप, 2023 ग्रां प्री वन, 2023 ग्रां प्री टू और 2024 उपमहाद्वीपीय चैंपियनशिप में से कम से कम तीन में भाग लेना जरूरी है। चानू इन मानदंडों पर खरी उतरती है जिन्होंने 2022 विश्व चैंपियनशिप और 2023 एशियाई चैंपियनशिप खेली थी।



चिंतन

# राजग व इंडिया की रैली से बढ़ीं सियासी गर्मियां

आज सत्ता पक्ष और विपक्ष ने एक साथ मिशन 2024 के लिए अपने-अपने चुनाव प्रचार अभियान का आगाज किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यूपी के मेरठ से तो विपक्ष ने नई दिल्ली के रामलीला मैदान से जनता से संवाद किया। पीएम मोदी ने अपने जनसंबोधन में जहां कांग्रेस के भ्रष्ट अतीत, परिवारवाद व विफलता पर करारा वार किया और मोदी 3:0 का रोडमैप पेश किया, जिसमें भारत को विकास के अगले चरण में ले जाने की रूपरेखा है, वहीं विपक्षी नेताओं के संबोधन के केंद्र में पीएम मोदी व भाजपा पर प्रहार और संविधान व लोकतंत्र पर खतरा आदि ही रटे-रटाए आरोप रहे। रामलीला मैदान में जिस तरह अरविंद केजरीवाल व हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के विरोध में इंडी गठबंधन के 27 दलों के नेता एक मंच पर आए, और विपक्षी एकजुटता का परिचय दिया, उससे लगा कि 'इंडिया' मिशन 2024 के लिए कोई रोडमैप पेश करेगा। कम से कम कांग्रेस से तो ऐसी उम्मीद थी। लेकिन यह विपक्ष का दुर्भाग्य ही कहा जाएगा कि उसने नेता, नीति, नए एजेंडे आदि पर कुछ भी नहीं कहा। अब जबकि लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण का मतदान महज 19 दिन बाद ही होना है, ऐसे में इंडी गठबंधन 273 का जादुई आंकड़ा कैसे पार करेगा, गठबंधन की ओर से प्रधानमंत्री कौन होगा, गठबंधन के अंदर सीट बंटवारे को लेकर चल रही खींचतान कैसे सुलझेगी, चुनाव प्रचार अभियान किस तरह चलेगा, घोषणा-पत्र इंडिया का होगा या कांग्रेस का, विकास की कार्ययोजना क्या होगी, रोजगार सृजन का एजेंडा क्या होगा, महंगाई थामने की नीति क्या होगी, आंतरिक व बाह्य सुरक्षा पर नीति क्या होगी, विदेश नीति व आर्थिक नीति क्या होगी, जाति गणना से क्या हासिल होगी, भ्रष्टाचार का खात्मा कैसे होगा आदि पर स्पष्ट रूप से बात होनी चाहिए थी। इंडिया के लिए यह रैली एक अच्छा मौका था, जतना के सामने अपना एजेंडा रखने का, पर विपक्ष मोदी व भाजपा विरोध सिंड्रोम से बाहर निकल ही नहीं पा रहा है। घूम फिरकर विपक्ष एक ही राग अलापता रहता है कि लोकतंत्र और संविधान खतरे में है। रामलीला मैदान से 'इंडिया' गठबंधन ने पांच सूत्री मांगें रखी हैं। ये हैं- केजरीवाल व हेमंत सोरेन की रिहाई, लोकसभा चुनाव में समान अवसर, जांच एजेंसियों की कार्रवाई रोकने, विपक्षी दलों का आर्थिक रूप से गला घोंटने और चुनावी चंदे व मनी लांड्रिंग की जांच के लिए एसआईटी का गठन। इन मांगों में कहीं से भी राष्ट्रीय राजनीतिक दृष्टिकोण नहीं है। क्या कांग्रेस, सपा, राजद, एनसी, एनसीपी (पवार), शिवसेना (उद्धव), डीएमके, झामुमो आदि दल परिवारवाद, वंशवाद से मुंह मोड़ सकते हैं? क्या कांग्रेस के समय कोल, टूजी, आदर्श, राष्ट्रमंडल खेल आदि घोटाले नहीं हुए, क्या एनसीपी-कांग्रेस सरकार के समय महाराष्ट्र में सिंचाई घोटाला नहीं हुआ, क्या चारा घोटाला नहीं हुआ? क्या झारखंड में जमीन घोटाला नहीं हुआ? क्या दिल्ली में शराब नीति घोटाला नहीं हुआ? तो क्या सरकार भ्रष्टाचार के खिलाफ एक्शन नहीं लेगी? विपक्ष के मंच पर जितने भी नेता जुटे, उन्हें खुद के कृत्यों पर आत्मचिंतन करना चाहिए। इंडी गठबंधन के दल या तो परिवारवादी-वंशवादी है या व्यक्तिवादी। विपक्षी दल, नेता और विपक्षी गठबंधन किसी भी रूप में कोई राजनीतिक उम्मीद नहीं जगाते हैं, लगता है सब केवल और केवल सत्ता पाने के लिए इकट्ठे हुए हैं और इसलिए वे केवल पीएम मोदी व भाजपा पर आरोप लगाते हैं। बेहतर होगा कि विपक्षी गठबंधन जनता का विश्वास जीतने के लिए राष्ट्र निर्माण का एजेंडा प्रस्तुत करें। एक ही दिन राजग व इंडिया की रैली से राजनीतिक सरगर्मियां जरूर तेज हो गई हैं।

लोकसभा चुनाव
चेतनादित्य आलोक



# ठाकरे बनाम ठाकरे की तैयारी

लोकसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान होने के बाद महाराष्ट्र के दोनों प्रमुख गठबंधनों राजग और महाविकास आघाड़ी(एमवीए) के बीच राजनीतिक संग्राम दिनोंदिन तेज होता जा रहा है। भाजपा की ओर से चली गई महज एक चाल में ही समस्त विपक्षी पार्टियों के हौसले पस्त प्रतीत होते हैं। दरअसल, भाजपा ने राज ठाकरे नीत महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) से चुनावी तालमेल कर तमाम राजनीतिक समीकरणों को धराशायी कर दिया है। राज ठाकरे के राजग में आ जाने के बाद शिवसेना (यूबीटी) पर महाविकास आघाड़ी की नीतियों और एजेंडे को छोड़ने तथा अपने राजनीतिक एजेंडे में 'हिंदुत्व' एवं' मराठी मानुस'को शामिल करने का दबाव काफी बढ़ गया है, क्योंकि ऐसा नहीं करने पर हिंदुत्व एवं मराठी मानुस के प्रभाव वाली सीटों पर मनसे, शिंदे गुट और राजग के मैदान मार ले जाने की पूरी संभावना है। वास्तव में ये ही वे मुद्दे हैं, जिनको आधार बनाकर शिवसेना दो-फाड़ हुई थी। बहरहाल इसी दबाव के कारण ही महाविकास आघाड़ी के सभी दल 2024 के दंगल में एकला चलो की नीति अपनाने पर मजबूर हुए हैं। लोकसभा चुनाव से पहले शिवसेना (यूबीटी) का महाविकास आघाड़ी से अलग होना निश्चित ही था, क्योंकि राज ठाकरे के भाजपा के साथ आ जाने से उसकी 'हिंदुत्व' एवं 'मराठी मानुस' वाली राजनीति के समाप्त होने का खतरा मंडराने लगा था। वहीं, दूसरी ओर महाविकास आघाड़ी के इस आंतरिक बिखराव को रोकने के लिए शरद राव पवार की बेटी और एनसीपी (शरदचंद्र पवार) की नेता सुप्रिया सुले ने राज को महाविकास आघाड़ी में आने का न्योता देकर ठाकरे बंधुओं की लड़ाई का लाभ भाजपा को लेने से रोकने की भरपूर कोशिश की, किंतु बात नहीं बन सकी। हालांकि राज को सुप्रिया के बुलावे पर संजय राउत ने तंज कसते हुए सुप्रिया से अवश्य पूछ लिया कि क्या पवार साहब इस बात पर सहमत हैं। तात्पर्य यह कि महाराष्ट्र में अब यह सुनिश्चित हो चुका है कि 2024 के दंगल में 'ठाकरे बनाम ठाकरे' होकर ही रहेगा। शिवसेना के पुराने समर्थकों के एक बड़े समूह का झुकाव तो पहले ही शिंदे के आने से राजग की तरफ हो चुका है, अब राज ठाकरे के आ जाने से भाजपा उद्धव ठाकरे को मिलने वाली सहानभूति वोटों को भी अपनी ओर करने में सफल हो सकती है। ऐसी स्थिति में उद्धव ठाकरे की शिवसेना से शिफ्ट होने वाले मराठी वोटरों के लिए दो ही विकल्प दिखाई देते हैं- या तो वे राज ठाकरे का नेतृत्व स्वीकार कर मनसे के प्रत्याशी को वोट करें अथवा शिवसेना के शिंदे गुट के पाले में शिफ्ट हो जाएं। दोनों ही स्थितियों में राजग को फायदा होगा। राज ठाकरे की आक्रमक छवि का चुनावी लाभ भी भाजपा को मिलने की संभावना है। वहीं, राज ठाकरे को अपने पाले में करके शिवसेना शिंदे गुट की ज्यादा लोकसभा सीटों की मांग वाली 'प्रेशर पॉलिटिक्स' की काट भी भाजपा ने ढूंढ निकाली है। तात्पर्य यह कि एकनाथ शिंदे ने यदि अधिक मोल-भाव किया और भाजपा ने उन्हें गठबंधन से बाहर का रास्ता दिखा दिया तो वे कहीं के नहीं रहेंगे, यह उन्हें भी पता है। राज ठाकरे ने राजग में शामिल होने के बाद लोकसभा की दो सीटें मांगी हैं-दक्षिण मुंबई और शिरडी की। मराठी वोट की प्रखर राजनीति करने के कारण राज ठाकरे को उम्मीद है कि उनकी पार्टी मराठी बहुल दक्षिण मुंबई क्षेत्र में जीत दर्ज कर सकती है और कमोबेश ऐसी ही स्थिति शिरडी लोकसभा क्षेत्र की भी है। फिलहाल दक्षिण मुंबई क्षेत्र से निर्वाचित सांसद अरविंद सावंत हैं, जो शिवसेना (यूबीटी) से आते हैं। पार्टी ने एक बार फिर उन्हें ही इस सीट से प्रत्याशी घोषित किया है। यह समझना मुश्किल नहीं है कि दक्षिण मुंबई क्षेत्र में चुनाव लड़ाने के लिए भाजपा को भी एक ऐसे नेता की तलाश थी, जो मराठी वोटरों की राजनीति करने के लिए जाना जाता हो, ताकि आगामी लोकसभा चुनाव में शिवसेना (यूबीटी) से छीन कर भाजपा वह सीट अपने पाले में कर सके। राज ठाकरे के लिए भी दक्षिण मुंबई और शिरडी की सीटों पर जीत सुनिश्चित करना अब पहले की अपेक्षा आसान हो जाएगा, क्योंकि राजग में आ जाने के बाद राज ठाकरे के सामने केवल शिवसेना (यूबीटी) ही होगी, जबकि भाजपा के साथ तालमेल नहीं होने की स्थिति में उन्हें तिहरा प्रहार झेलना पड़ता-भाजपा और शिवसेना शिंदे गुट वाले राजग गठबंधन का, शिवसेना (यूबीटी) एवं एनसीपी का। संभवतः इस त्रिकोणीय मुकाबले में राज ठाकरे का चुनाव जीत पाना बेहद मुश्किल हो जाता, क्योंकि भाजपा के सहयोगी शिवसेना शिंदे गुट तथा शिवसेना (यूबीटी) के नेता भी हिंदुत्व एवं मराठी वोटरों की राजनीति करने के लिए ही जाने जाते हैं।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



विवेचना
प्रो. नीलम महाजन सिंह

# दिल्ली शराब नीति घोटाले का 'सच'

**अरविंद केजरीवाल को सन्नी मारवाह के बयान पर ईडी के 9 सम्मन भेजे जाने के बाद, उन्हें गिरफ़्त में लिया है। पहले कांग्रेस, आम आदमी पार्टी पर 'भ्रष्टाचारी' होने के आरोप लगा रही थी, अब दिल्ली के चुनावों में, 'आप' की सहयोगी दल है। जिन राज्यों में शराब निषेध का कानून लगाया है, वहां राजस्व नुकसान तथा निजी हाथों में काला धन जमा होने के प्रमाण है। सच तो यह है कि किसी भी राज्य में सरकारी नीतियों में पारदर्शिता नहीं है। फ़िर 2024 के आम चुनावों में, अरविंद केजरीवाल, इंडी गठबंधन के प्रबल प्रवक्ताओं में हैं, तथा उनकी ज़मानत कब होगी, यह देखना होगा। यह राजनीतिक पसोपेश है, जो जनता के मूल मुद्दों से सम्बंधित नहीं हैं।**

हर राजनीतिक दल को पार्टी चलाने के लिए धन की आवश्यकता होती है। यही औद्योगिक भ्रष्टाचार का मुख्य कारण है। 21 मार्च 2024, को अरविंद केजरीवाल, दिल्ली के मुख्यमंत्री को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गिरफ्तार किया। संजय सिंह को 4 अक्टूबर 2023 व मनीष सिसौदिया को 26 फरवरी 2023 को पहले ही गिरफ्तार किया गया है। 'दिल्ली शराब घोटाला' दिल्ली सरकार से संबंधित एक राजनीतिक घोटाला है, जिसने 2021 से 2022 तक दिल्ली की उत्पाद शुल्क नीति की शुरूआत के माध्यम से अपना मार्ग प्रशस्त किया। यह नीति निजी फर्मों व उद्यमशील कंपनियों को खुदरा शराब क्षेत्रों में ले आई। आरोपों में निजी क्षेत्रों के मालिकों व शेयरधारकों को लाभ पहुंचाने, लाइसेंस शुल्क में छूट, कटौती के साथ नए उद्यमियों को कई लाइसेंस देना शामिल हैं।

दिल्ली में सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी द्वारा बनाई गई उत्पाद शुल्क नीति 2021-22 ने इसे उत्पाद शुल्क व खुदरा शराब क्षेत्र में सुधार के रूप में पेश किया, जिससे राजस्व में 9,500 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई। इस नीति को कैबिनेट के मंत्रियों के एक समूह द्वारा तैयार किया गया था। जब अंतिम ड्राफ्ट मंजूरी के लिए, दिल्ली के उपराज्यपाल के सामने लाया गया तो उन्होंने इस शर्त के साथ बिल को मंजूरी दे दी कि गैर-पुष्टि क्षेत्रों में नई शराब की दुकानें केवल दिल्ली नगर निगम की अनुमति से ही खोली जा सकेंगी। नवंबर 2021 में, दिल्ली के एक सरकारी अधिकारी ने कहा कि 'पहली बार सभी सरकारी स्वामित्व वाली शराब की दुकानें बंद होने जा रही हैं व इसे पूरी तरह से निजी व्यावसायिक खिलाड़ियों को स्थानांतरित कर दिया गया है।' बाद में नई नीति वापस ले ली गई। आखिर क्या है दिल्ली शराब घोटाले की पृष्ठभूमि? दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, जिनके पास उत्पाद शुल्क विभाग भी था, दिल्ली की उत्पाद शुल्क नीति (2021-22) लेकर विधानसभा में आए। नीति के अनुसार इस में दिल्ली सरकार के बाहर निकलने व खुदरा एमआरपी शराब क्षेत्रों पर उसकी पकड़ कर ली। विधेयक ने निजी क्षेत्रों और उद्यमों को शराब व्यवसाय के क्षेत्र में प्रवेश करने के लिए आमंत्रित किया, जिसका उद्देश्य उत्पाद शुल्क विभाग के राजस्व को बड़े प्रतिशत से अधिक बढ़ाना है। इससे नए विक्रेताओं व दुकानों को 'लीवरेज्ड लाइसेंसिंग और अधिकार प्रमाणपत्र' प्रदान किए गए। दिल्ली को 32 क्षेत्रों में वर्गीकृत किया गया, जिसमें 8-10 वार्ड शामिल थे, जिनमें से प्रत्येक में लगभग 27 आउटलेट, वितरण ठेके होंगे। इसका मतलब था कि प्रत्येक नगरपालिका वार्ड में 2-3 शराब विक्रेता कार्यरत हैं। केजरीवाल सरकार ने यह भी कहा कि वे 'शराब माफिया को खत्म कर देगी' व नई दुकानों पर जाने वाले उपभोक्ताओं के अनुभव को बेहतर बनाएगी। आउटलेट्स की उपस्थिति के लिए भी दिशा निर्देश जारी किए गए थे। निजी शराब की दुकानों को ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए एमआरपी पर छूट देने की अनुमति दी गई व सुबह 3 बजे तक शराब की डिलीवरी करने का प्रावधान दिया गया। इस बिल को आगे उपराज्यपाल के हस्ताक्षर व अनुमोदन के लिए



भेजा गया, जिसे उप-राज्यपाल ने अनधिकृत क्षेत्रों पर कुछ शर्तों के साथ हस्ताक्षरित कर पारित कर दिया। सच तो यह है कि इससे आम जन अधिक शराब खरीदने लगा। आम आदमी पार्टी पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए गए हैं। ईडी ने दावा किया है कि के कविता ने शराब घोटाले में लाभ पाने के लिए अरविंद केजरीवाल व मनीष सिसौदिया समेत अन्य शीर्ष नेताओं के साथ मिलकर साजिश रची थी। कविता और कुछ अन्य लोगों पर 'आप' को 100 करोड़ रुपये देने के आरोप हैं।


अरविंद केजरीवाल की गिरफ़्तारी शिकायतों के एक समूह पर आधारित है, जिनमें से 1 जून 2022, में दिल्ली कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष, चौधरी अनिल कुमार द्वारा दिल्ली पुलिस में दायर की गई आपराधिक शिकायत है। सरकार को विपक्षी भाजपा व कांग्रेस से कड़ी प्रतिक्रिया का सामना करना पड़ा, जिसमें कहा गया कि, सरकार ने पैसे के बदले सभी लाइसेंस बेच दिए हैं। ये आरोप लगाये गए कि सरकार ने उत्पाद शुल्क विभाग को पूरी तरह से निजी एजेंसियों को सौंप दिया है। कथित तौर पर शराब लाइसेंस धारकों को उनकी मर्ज़ी के मुताबिक एक्सटेंशन दिया गया। यह आरोप भी लगाया कि नई नीतियां उत्पाद शुल्क नीतियों के विपरीत हैं। विपक्ष ने इसकी जांच के लिए केंद्रीय एजेंसियों से हस्तक्षेप की मांग की। मनीष सिसौदिया ने कहा, 'नई नीति के तहत अनाधिकृत क्षेत्रों सहित 849 नए आउटलेट खोले जाने हैं, जिसे राज्यपाल ने भी मंजूरी दे दी है।' राज्य की विपक्षी भाजपा ने एक स्टिंग ऑपरेशन वीडियो भी जारी किया, जहां एक व्यापारी, एफआईआर में आरोपी सन्नी मारवाह के पिता ने नई नीति के तहत इसे उत्पाद शुल्क बताते हुए धन इकट्ठा किया जाने का धांधली मामला बताया। भाजपा आईटी सेल ने वीडियो जारी किया व अधिकारियों द्वारा बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार व रिश्वतखोरी की आवाज़ उठाई कि दिल्ली सरकार में बिचौलियों व माफियाओं का नियंत्रण है। जब यह बात इतनी आगे तक बढ़ गई तो उपराज्यपाल विनय कुमार की एंट्री स्वाभाविक थी। मनीष सिसौदिया ने राज्यपाल विनय कुमार सक्सेना पर आरोप लगाया कि उन्होंने 2016 में एक सरकारी खादी निकाय के अध्यक्ष रहते हुए 1,400 करोड़ रुपये के विमुद्रीकृत नोटों का आदान-प्रदान किया था। सक्सेना ने इसे निराधार बताते हुए आपत्ति व्यक्त की। उन्होंने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल सरकार को इन तुच्छ व्यवहारों व बयानों से दूर रहने की सलाह दी। अब सीबीआई व ईडी की छापेमारी आरंभ हो गई। 20 अगस्त 2022 को सीबीआई ने आरोप निर्धारित करने के लिए डिप्टी सीएम सिसौदिया के आवासों व इस मामले से जुड़े नौकरशाहों पर छापेमारी की। 6 सितंबर 2022 को ईडी ने देशभर में 40 जगहों पर छापेमारी की। इस मामले में अब तक कुल 18 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

यह सत्य है कि सन्नी मारवाह के बयान पर अरविंद केजरीवाल को ईडी के 9 सम्मन भेजे जाने के बाद, उन्हें गिरफ़्त में लिया है। पहले कांग्रेस, जो आम आदमी पार्टी पर 'भ्रष्टाचारी' होने के आरोप लगा रही थी, अब दिल्ली के चुनावों में, 'आप' की सहयोगी दल है। जिन राज्यों में शराब निषेध का कानून लगाया है वहां राजस्व नुकसान हो कर, निजी हाथों में काला धन जमा होने के प्रमाण है। सच तो यह है कि किसी भी राज्य में सरकारी नीतियों में पारदर्शिता नहीं है। फ़िर 2024 के आम चुनावों में, अरविंद केजरीवाल, इंडी गठबंधन के प्रबल प्रवक्ताओं में हैं, तथा उनकी ज़मानत कब होगी, यह देखना होगा। क्या ऐसा हो सकता है कि अरविंद केजरीवाल की गिरफ़्तारी उनके लिए जनता में राजनीतिक सहानुभूति उत्पन करे? इसकी उम्मीद कम है। शीघ्र ही दिल्ली में राष्ट्रपति शासन भी लागू किया जा सकता है। यह सब राजनीतिक पसोपेश हैं। देखने वाली बात है कि अरविंद की गिरफतारी का चुनाव पर क्या असर पड़ता है?

(लेखिका वरिष्ठ पत्रकार, राजनीतिक समीक्षक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## योग के सूत्र मानव जीवन का आधार



संकलित
चिंतन

योग प्राचीन काल से भारतीय आध्यात्मिक संचेतना का केंद्र रहा है। इसके आदिम सूत्रधार परमयोगी भगवान शिव हैं। योग शब्द का प्रयोग विभिन्न अर्थों में होता रहा है। समाधि अर्थ में इसका प्रयोग आत्मा और परमात्मा के मिलन के लिए किया जाता है, जब साधक अपनी साधना की चरमावस्था में परमात्मा से एकाकार होकर उसका साक्षात्कार कर लेता है। अग्निपुराण में भी मन एवं आत्मा तथा आत्मा और परमात्मा के संयोग को योग कहा गया। सांख्यदर्शन के अनुसार प्रकृति और पुरुष का भेद होने पर भी पुरुष का आत्मस्वरूप में स्थित हो जाना योग कहलाता है। कठोपनिषद् के अनुसार, जब इंद्रियां मन के साथ और मन अविचल बुद्धि के साथ स्थिर हो जाता है तो यह अवस्था योग की होती है। गीता में भगवान श्रीकृष्ण ने 'योगः कर्मसु कौशलम्' कहकर योग का जो स्वरूप अजरुन के समक्ष प्रस्तुत किया है वह सामान्य जन के सर्वाधिक निकट है। कोई भी मनुष्य एकाग्रचित्त होकर निष्काम भाव से कर्म करते हुए योग को सिद्ध कर सकता है। योगसूत्र के प्रणोता महर्षि पतंजलि संयमन अर्थ में चित्तवृत्तियों के निरोध को योग कहते हैं। उनके अनुसार यम, नियम, आसन, ध्यान, धारणा आठ अंगों से संपन्न प्राणायाम की क्रियाएं योग कहलाती हैं। इससे चित्त की एकाग्रता बढ़ती है। बुद्धि में स्थिरता आती है। चिंतन उत्कृष्ट होता है। मन में सद्विचारों का उदय होता है। नकारात्मक प्रवृत्तियां स्वतः समाप्त हो जाती हैं।

## कभी पद और धन का घमंड न करें



संकलित
प्रेरणा

देवताओं के कोषाध्यक्ष को एक दिन अपने पद और धन का घमंड हो गया है। इसी घमंड में वे शिव जी के पास पहुंच गए और शिव जी को सपरिवार अपने महल में खाने के लिए निमंत्रण दिया। शिवजी ने कहा कि मैं तो कहीं आता-जाता नहीं हूं, आप एक काम करें, गणेश को अपने साथ ले जाएं। खाने का निमंत्रण पाकर गणेश जी कुबेर के महल पहुंच गए। कुबेर ने उनके लिए बहुत सारा खाना बनवाया। गणेश जी खाने बैठे तो वे खाए जा रहे थे, थोड़ी ही देर में कुबेर की रसोई का पूरा खाना खत्म हो गया। गणेश जी ने और खाना मांगा। कुबेर ये देखकर घबरा गए। गणेश जी बार-बार खाना मांग रहे थे। कुबेर ने गणेश जी के सामने हाथ जोड़ लिए और कहा कि अब तो मेरे घर का सारा खाना खत्म हो गया है। गणेश जी ने कहा कि लेकिन मेरी भूख तो अभी शांत ही नहीं हुई है। मुझे अपने रसोईघर में ले चलो। कुबेर गणेश जी को रसोईघर में ले गए तो वहां रखी सभी चीजें गणेश खा गए। उन्होंने शिव जी को पूरी बात बता दी। शिव जी ने गणेश जी से कहा कि जाओ, माता पार्वती को बुलाकर लाओ। मां पार्वती को देखकर गणेश ने कहा कि मां, कुबेर देव के खाने से मेरी भूख शांत नहीं हुई है। पार्वती अपने रसोईघर में गईं और खाना बनाकर ले आईं। उन्होंने जैसे ही गणेश जी को अपने हाथ से खाना खिलाया तो गणेश तृप्त हो गए। मां और खिलाने लगी तो गणेश जी ने कहा, मां मेरा पेट भर गया है।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**अभद्र भाषा का प्रयोग क्यों**

देश में आम चुनाव का मौसम है। राजनीतिक दल मतदाताओं को अपनी तरफ आकर्षित करने के लिए एड़ी-चोटी का जोर लगा रहे हैं, लेकिन कुछ राजनेता अभद्र, बेतुकी बयानबाजी भी इस दौरान करते हैं। हाल ही में कंगना रनौत और ममता बनर्जी के लिए अभद्र भाषा का प्रयोग हुआ, वो मामला सुर्खियों में है। सुप्रिया श्रीनेतद्वारा कंगना रनौत पर जो भद्दी टिप्पणी का मामला सामने आया है, उसके लिए सुप्रिया श्रीनेत ने स्पष्ट किया है कि यह टिप्पणी उनके द्वारा नहीं कि गई है। उन्होंने कहा कि उनके सोशल मीडिया अकाउंट को बहुत से लोग प्रयोग करते हैं।

*- शेखर रावत, धमतरी*

## करंट अफेयर

### पाकिस्तान के पीएम के रेड कारपेट इस्तेमाल पर रोक

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने देश में आर्थिक संकट के चलते फिजूलखर्ची को कम करने के प्रयासों के तहत सरकारी कार्यक्रमों में 'रेड कारपेट' के इस्तेमाल पर रोक लगा दी है और केवल राजनयिकों के स्वागत कार्यक्रम में ही इसका इस्तेमाल किया जा सकेगा। शरीफ ने सरकारी कार्यक्रमों में मंत्रियों और वरिष्ठ अधिकारियों के दौरे के दौरान 'रेड कारपेट' के इस्तेमाल पर नाराजगी व्यक्त की। मंत्रिमंडल मामलों के प्रभाग के मुताबिक प्रधानमंत्री के निर्देश पर 'रेड कारपेट' के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगा दिया है। प्रभाग की अधिसूचना के अनुसार प्रधानमंत्री ने निर्देश दिया है कि भविष्य में सरकारी कार्यक्रमों में मंत्रियों और अधिकारियों के लिए 'रेड कारपेट' का इस्तेमाल नहीं किया जाएगा। 'द एक्सप्रेस ट्रिब्यून' अखबार की खबर के अनुसार हालांकि, इसका इस्तेमाल केवल विदेशी राजनयिकों के लिए एक प्रोटोकॉल के रूप में किया जा सकेगा। फिजूलखर्ची को कम करने के प्रयासों के तहत पिछले हफ्ते प्रधानमंत्री शरीफ और मंत्रिमंडल के सदस्यों ने अपनी इच्छा से वेतन तथा भत्ते नहीं लेने का फैसला किया था।



## ऑफ बीट

### बचा खाना सेवन के लिए सुरक्षित कैसे तय करें



बचे हुए खाने को खाना पैसे बचाने, व्यंजनों में विविधता लाने और भोजन की बर्बादी को कम करने का एक शानदार तरीका हो सकता है। मगर बचा हुआ भोजन खाना जोखिम भरा भी हो सकता है, क्योंकि यह जीवाणु के संपर्क में भी आ जाता है। अगर आपने बचे हुए खाने को सही तरीके से नहीं रखा और सही तरीके से गर्म नहीं किया तो आप विषाक्त भोजन की चपेट में आ सकते हैं, जो जानलेवा भी हो सकता है। इसका मतलब यह नहीं है कि आप बचे हुए भोजन को खाना छोड़ दें। खाने को ठीक रखने के लिए सही तरीकों का पालन कर आप यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि जब आप बचा हुआ भोजन करें तो आप सुरक्षित रहें। बचे हुए भोजन को कितनी जल्दी फ्रिज में रखा जाए? हमारी दुनिया में जीवाणु हर जगह मौजूद हैं, जिनमें रसोई और उनके भीतर रखे खाद्य पदार्थ भी शामिल हैं। भोजन को खराब करने वाले जीवाणु पोषक तत्वों, नमी और तापमान के साथ तेजी से बढ़ सकते हैं। कुछ की संख्या 20 मिनट में दोगुनी हो जाती है। यह अहम है कि बचे हुए खाने को यथाशीघ्र और अधिकतम दो घंटे के अंदर फ्रिज या फ्रीजर में रख देना चाहिए। समय को लेकर दी गई यह सलाह इस बात पर आधारित है कि फ्रिज के बाहर के तापमान पर भोजन में जीवाणु कितनी तेजी से बढ़ सकते हैं।

## ट्रेंड

### कांग्रेस की गलतियां महंगी पड़ी



कांग्रेस पार्टी की रणनीतिक गलतियां और भूलों की कीमत भारत और भारतीयों को महंगी पड़ी है। कच्चातिवू भारत की क्षेत्रीय अखंडता के प्रति कांग्रेस के बचकाने दृष्टिकोण का एक और कठोर सत्य है। ऐसी पार्टी को कभी भी भारत के हितों की रक्षा करने का काम नहीं सौंपा जा सकता।

-धर्मेन्द्र प्रधान, केंद्रीय मंत्री

### संसार परिवर्तनशील



यह संसार नश्वर और नित्य परिवर्तनशील है। यहां कुछ भी स्थायी नही है। इस मरणधर्मा संसार की भांति यहाँ के वस्तु पदार्थ भी नाशवान है। इंद्रियां और मन जिन विषयों में आसक्त हैं, वे सभी विषय और उनके रस एक जैसे नहीं है।

-अवधेशानंद, आध्यात्मिक गुरु

### देश को बचाने का चुनाव



मोदी 'मैच फिक्सिंग' से चुनाव जीत कर संविधान बदलना चाहते हैं। वीएम के दम पर 400 पार का नारा लगा रहे हैं। जबकि हकीकत में सब मिला कर भी वह 180 पार करने की हालत में नहीं हैं। यह चुनाव सिर्फ सरकार बनाने का नहीं है, यह देश को बचाने का चुनाव है।

-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद

### चरित्र निर्माण पर ध्यान दें



आपका चरित्र वही है जो आप हैं। आपकी प्रतिष्ठा वह है जो दूसरे आपके बारे में सोचते हैं। आप यह नियंत्रित नहीं कर सकते कि दूसरे क्या सोचते हैं। इसलिए अपने चरित्र निर्माण पर ध्यान दें। प्रतिष्ठा मिलेगी।

-हर्ष गोयनका, उद्योगपति

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com






**लोकसभा का रण** रामलीला मैदान में इंडिया की लोकतंत्र बचाओ महारैली पर पक्ष-विपक्ष के तीखे हमले

गठबंधन ने केंद्र सरकार को घेरा

# भारत माता पीड़ा में है अत्याचार नहीं चलेगा

भाजपा का गठबंधन पर पलटवार

# 'लोकतंत्र बचाओ नहीं, 'परिवार बचाओ, भ्रष्टाचार छुपाओ' रैली

*नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली के रामलीला मैदान में रविवार को इंडिया की लोकतंत्र बचाओ महारैली हुई। लोकसभा चुनाव से पहले विपक्षी गठबंधन की ये पहली बड़ी रैली है। इसमें सोनिया गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा, राहुल गांधी, उद्धव ठाकरे, अखिलेश यादव, सीताराम येचुरी, महबूबा मुफ्ती, फारूक अब्दुल्ला के अलावा अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता और हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना पहुंचीं। रैली को सबसे पहले उद्धव ठाकरे ने संबोधित किया। उद्धव ने कहा- कल्पना सोरेन और सुनीता केजरीवाल हमारी बहन हैं। जब इस तानाशाही सरकार के खिलाफ हमारी बहनें लड़ रही हैं तो हमारे जैसे भाई पीछे कैसे रह सकते हैं। भाजपा ने रैली की आलोचना करते हुए कहा कि यह "लोकतंत्र बचाओ" नहीं, बल्कि "परिवार बचाओ" और "भ्रष्टाचार छुपाओ" रैली है। भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने आरोप लगाया कि वे सभी अपने पुराने पापों को छिपाने के लिए यहां आए हैं और यह गौर करने वाली बात है कि उन्होंने राम मंदिर के निर्माण का विरोध किया था तथा उनमें से कुछ ने हिंदुत्व को मिटाने का आह्वान किया था।*

### ईडी, सीबीआई से डराकर सबसे ज्यादा चंदा वसूलने का काम भाजपा ने किया

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा- ये रामलीला मैदान ऐतिहासिक मैदान है और आज जब हम लोग यहां एकत्रित हुए हैं और एकसाथ खड़े हुए हैं तो इस मैदान से ये ऐलान होने वाला है कि सत्ताधारी जो



दिल्ली में बैठे है वो अब ज्यादा दिन नहीं रहेंगे। आज हम दिल्ली आए हैं। सुना है दिल्ली वाले आज दिल्ली से बाहर गए हैं। दिल्ली से जो आज बाहर जा रहे हैं वो हमेशा-हमेशा के लिए बाहर जा रहे हैं। ये लोग (भाजपा) जो 400 पार का नारा दे रहे हैं, अगर आपके 400 पार हो रहे थे तो आम आदमी पार्टी के नेता से आपको घबराहट किस बात की है? मैं तो उस उत्तर प्रदेश से आता हूं जहां के लोगों ने भाजपा को मौका दिया और उनका स्वागत किया लेकिन याद रहे कि उत्तर प्रदेश के लोग जो स्वागत करते हैं वो धूम-धाम से विदाई भी करते हैं। आपने चुने हुए लोगों और मुख्यमंत्रियों को जेल भेज दिया। जिस लोकतंत्र के लिए दुनिया में भारत का सम्मान होता था, आज उसी भारत की दुनिया में किसी ने सबसे ज्यादा थूं-थूं करवाई है तो वो भाजपा के लोगों ने करवाई है।



### सभी भ्रष्टाचारी एक मंच पर आए : त्रिवेदी

भाजपा ने गठबंधन की रैली की आलोचना करते हुए कहा कि यह "लोकतंत्र बचाओ" नहीं, बल्कि "परिवार बचाओ" और "भ्रष्टाचार छुपाओ" रैली है। विपक्षी नेताओं ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर राजनीतिक प्रतिशोध के लिए भ्रष्टाचार की जांच में उन्हें फंसाने के आरोप लगाए हैं। भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कांग्रेस, द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) समेत कई नेताओं के भ्रष्टाचार के मामलों का उल्लेख करते हुए कहा कि ये सभी आरोप 2014 से पहले के हैं। त्रिवेदी ने कहा कि कभी अन्ना हजारे के नेतृत्व में भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन (इंडिया अगेन्स्ट करप्शन) की मेजबानी करने वाला रामलीला मैदान रविवार को एक रैली में सभी भ्रष्टाचारियों को एक साथ देखेगा। उन्होंने आम आदमी पार्टी (आप) के अन्य विपक्षी दलों के साथ आने के संदर्भ में कहा कि जिन लोगों ने कई नेताओं को चोर और बदमाश बताकर कुचल दिया था, उन्होंने उनसे हाथ मिला लिया है और यह अजीब व चौंकाने वाला दृश्य है। उन्होंने कहा कि उनके नेता अब लालू प्रसाद यादव हैं जो भ्रष्टाचार के कई मामलों में दोषी हैं।



### अघोषित आपातकाल

राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव ने रविवार को केंद्र सरकार पर 'अघोषित आपातकाल' लागू करने का आरोप लगाया



और दावा किया कि 'मोदी की गारंटी' 'चाइनीज माल' वाली गारंटी है जो सिर्फ चुनाव तक रहेगी। उन्होंने 'इंडिया' गठबंधन की 'लोकतंत्र बचाओ महारैली' में 1990 के दशक की फिल्म 'साजन चले ससुराल' के गाने 'तुम तो धोखेबाज हो...' का हवाला देते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर तंज कसा।

### देश के लिए खतरा

शिवसेना (यूबीटी) के प्रमुख उद्धव ठाकरे ने दावा किया कि देश तानाशाही की तरफ बढ़ रहा है तथा 'एक व्यक्ति और एक पार्टी की



सरकार' भारत के लिए खतरनाक है। लोगों का आह्वान किया कि वे लोकसभा चुनाव में भाजपा को पराजित करें और 'अबकी बार, भाजपा तड़ीपार' का नारा दें। महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, "कुछ दिन पहले आशंका जताई जा रही थी कि देश तानाशाही की तरफ बढ़ रहा है। अब यह सच्चाई बन गयी है।"

### कलयुग का अमृतकाल


मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के महासचिव सीताराम येचुरी ने रविवार को दावा किया कि देश में 'कलयुग का अमृतकाल' चल रहा है



तथा अब 'बुरे लोगों के हाथ से अमृत कलश' को वापस लाना होगा ताकि इसका इस्तेमाल जनता के हित में हो सके। उन्होंने 'इंडिया' गठबंधन की 'लोकतंत्र बचाओ महारैली' में यह भी कहा कि अगर देश में बेरोजगारी, महंगाई और भुखमरी से मुक्ति चाहिए तो इसके लिए मौजूदा सरकार से मुक्ति पानी होगी।

### संविधान को बचाएं

नेशनल कांफ्रेंस के प्रमुख फारूक अब्दुल्ला ने कहा- आज हमारा मकसद सिर्फ एक है कि हम सब संविधान को बचाएं। इंसान को



इंसान से लड़ाया जा रहा है। वो सब नेता जिन्हें आज जेल में बंद कर दिया गया है। वे बाहर तभी आ पाएंगे जब आप इस आईन को पकड़ेंगे और चुनाव का समय आएगा आपको वोट देना होगा। आप उस बटन का दबाइएगा जो इस हुकूमत को हराएगा। इंडि गठबंधन को हम सबको मिलकर मजबूत करना है।

### लाखों केजरीवाल पैदा होंगे

पंजाब सीएम भगवंत मान बोले- अरविंद केजरीवाल को तो गिरफ्तार कर लोगे, लेकिन उसकी सोच को कैसे गिरफ्तार करोगे? वो जो लाखों



केजरीवाल पैदा हो गए हैं उन्हें कैसे रोकोगे? अरविंद केजरीवाल एक सोच का नाम है। इंडिया गठबंधन पूरा इकट्ठा हो गया है। कईयो के तो कैमरे भी कांपने लगे होंगे कि सब इकट्ठे कैसे बैठ गए। ये चाहते ही नहीं कि हम एकजुट हों। इसलिए मैं सबसे कहना चाहता हूं कि आओ इकट्ठे हो जाएं।

### संविधान से खिलवाड़

रैली में शरद पवार भी शामिल हुए। शरद पवार ने मंच से कहा कि जिस तरह से सिटिंग चीफ मिनिस्टर के साथ किया गया वह देश के संविधान



के साथ खिलवाड़ है। शरद पवार ने आगे कहा कि इस सरकार (केंद्र सरकार) ने दिल्ली के सीएम, झारखंड के सीएम को गिरफ्तार किया है और विभिन्न राज्यों के कई अन्य नेताओं को भी जेल में डाल दिया है। यह कार्रवाई लोकतंत्र और संविधान पर हमला है। इसे बचाना हमारी जिम्मेदारी है।

### अरविंद केजरीवाल शेर हैं : सुनीता



अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने भी रैली को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि केजरीवाल जी को केंद्र सरकार ने गिरफ्तार कर लिया है, लेकिन केजरीवाल जी शेर हैं। जेल से केजरीवाल ने आपके लिए संदेश भेजा है। उन्होंने कहा है कि मैं आपसे वोट नहीं मांग रहा। मैं आपसे किसी को हराने या जिताने को नहीं बोल रहा हूं।

### जनता से बड़ा नहीं हो सकता : कल्पना



झारखंड मुक्ति मोर्चा नेता और पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने कहा- आज यहां उमड़ा जल सैलाब इस बात की गवाही दे रहा है कि लोकतंत्र को खत्म करने के लिए जिस तरीके तानाशाह ताकतों ने अपने कदम बढ़ाएं हैं उसका अंत करने के लिए यह सभा आज आयोजित हुई है। आज भारत में बाबा साहेब के संविधान से प्राप्त जिनती गारंटियां से उसे एनडीए सरकार द्वारा खत्म किया जा रहा है।

### गठबंधन से अलग हुए स्वामी प्रसाद मौर्य, अकेले लड़ेंगे चुनाव

सपा से बगावत करने वाले स्वामी प्रसाद मौर्य की बात इंडी गठबंधन से भी नहीं बनी। अंततः स्वामी ने अकेले लोकसभा चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी है।



इतना ही नहीं उन्होंने दो सीटों पर प्रत्याशियों के नाम का ऐलान कर दिया है।स्वामी प्रसाद मौर्य ने जिन दो सीटों पर प्रत्याशियों के नाम की घोषणा की हैं उनमें उत्तर प्रदेश की कुशीनगर और देवरिया लोकसभा सीट शामिल हैं। कुशीनगर सीट से खुद स्वामी प्रसाद चुनाव मैदान में उतरेंगे।वहीं देवरिया लोकसभा सीट से एसएन चौहान को उम्मीदवार बनाया है।राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के अध्यक्ष स्वामी प्रसाद मौर्य से साफ कर दिया है कि इंडिया गठबंधन से राह अलग हो चुकी है। खबर है कि मौर्यसूबे की पांच सीटों पर चुनाव लड़ेंगे और जल्द ही उम्मीदवारों के नाम का ऐलान भी करेंगे।अपने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर करते हुए स्वामी प्रसाद मौर्य ने लिखा है कि राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के गठन दिनांक 22 फ़रवरी से लेकर आज तक निरंतर इंडिया गठबंधन को जिताने और मजबूत बनाने का प्रयास करता चला आ रहा हूं।



### एआईएमआईएम के साथ यूपी में चुनाव लड़ेंगी पल्लवी पटेल

सपा के साथ सीटों पर हुई असहमति के बाद अपना दल कमेरावादी आने वाले लोकसभा चुनाव में एआईएमआईएम के साथ मिलकर चुनाव लड़ेगी। खबरें भी आईं थी कि पल्लवी पटेल की मायावती के साथ बातचीत चल रही है और वह बसपा के साथ मिलकर चुनाव लड़ेंगी। पर ऐसा नहीं हुआ। इस गठबंधन की औपचारिक घोषणा जल्द होगी। इस गठबंधन के द्वारा यूपी की दो दर्जन से अधिक सीटों पर प्रत्याशी उतारने की तैयारी की जा रही है। तीन दिन पहले पल्लवी पटेल ने हैदराबाद में ओवैसी से मुलाकात की थी।

### बिहार में कांग्रेस को बड़ा झटका, नाराज अनिल शर्मा ने दिया इस्तीफा

बिहार में कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है। लोकसभा चुनाव को लेकर महागठबंधन में हुई सीट शेयरिंग को



लेकर कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अनिल शर्मा ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। लोकसभा चुनाव को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष अपने-अपने उम्मीदवारों की लिस्ट जारी कर रहे हैं। बिहार में महागठबंधन ने भी अपने प्रत्याशियों के नाम का ऐलान किया है, जिसे लेकर राजद और कांग्रेस में खींचतान सामने आ रही है।

### भाजपा को 200 सीट का आंकड़ा पार करने की चुनौती देती हूं : ममता बनर्जी

**कृष्णानगर (बंगाल) (भाषा)।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के लोकसभा चुनाव में 400 से अधिक सीट जीतने के लक्ष्य का मखौल उड़ाया तथा उसे 200 सीट का



आंकड़ा पार करने की चुनौती दी। ममता ने यह भी कहा कि वह नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) को इस राज्य में लागू होने नहीं देंगी। उन्होंने लोगों को आगाह किया कि सीएए के लिए आवेदन करने वाला व्यक्ति विदेशी बन जाएगा। तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ने लोगों से इसके लिए आवेदन न करने का अनुरोध किया। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सुप्रीमो ने कृष्णानगर इलाके में टीएमसी उम्मीदवार महुआ मोइत्रा के लिए चुनाव प्रचार करते हुए कहा, "भाजपा कह रही है '400 पार', मैं उन्हें पहले 200 सीट का आंकड़ा पार करने की चुनौती देती हूं। वर्ष 2021 के विधानसभा चुनाव में उन्होंने 200 से अधिक सीट लाने का आह्वान किया था, लेकिन उसे महज 77 पर रुकना पड़ा। इन 77 सीटों पर जीतने वाले कुछ लोग हमारे साथ आ गए हैं।

### ...मैं भी मोदी



*मेरठ । पीएम की रैली में मुखौटा लेकर आई एक युवती कुछ यूं इशारा कर रही है कि जैसे वो भी मोदी है। बाजार में पीएम मोद के मास्क और मुखौटे खूब बिक रहे हैं। यह प्रचार करने का बड़ा माध्यम बने हुए हैं।*

### बीआरएस नेता श्रीहरि कांग्रेस में हुए शामिल

**हैदराबाद (भाषा)।** तेलंगाना में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के मौजूदा विधायक एवं पूर्व मंत्री के. श्रीहरि तथा उनकी बेटी के. काव्या रविवार को मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी की उपस्थिति में कांग्रेस पार्टी में शामिल हो गए। कांग्रेस नेताओं ने पहले भी श्रीहरि को पार्टी में शामिल होने के लिए न्योता दिया था। श्रीहरि ने कहा था कि विभिन्न कारणों से लोग बीआरएस से दूर होते जा रहे हैं। इसलिए लोगों की सेवा करने तथा निर्वाचन क्षेत्र के लिए कुछ करने के वास्ते वह कोई फैसला (कांग्रेस पार्टी में शामिल होने पर) लेंगे।'

### मोदी के 370 का लक्ष्य हासिल करने में दक्षिण भारत करेगा मदद : गडकरी

**नागपुर (भाषा)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 370 सीट जीतने के लक्ष्य को लेकर पूरा भरोसा जताते हुए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता नितिन गडकरी का कहना है कि आगामी लोकसभा चुनाव में पार्टी की मौजूदा 288 सीट में अतिरिक्त सीट दक्षिण भारत से जुड़ेंगी। नागपुर स्थित अपने आवास पर 'पीटीआई-भाषा' के साथ साक्षात्कार में गडकरी ने कहा कि उनके मन में इस बात को लेकर ₹कोई संदेह नहीं₹ है कि भाजपा के नेतृत्व वाला राष्ट्रीय जनतांत्रिक




गठबंधन (राजग) 400 सीट के आंकड़े को पार करेगा। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में सरकार द्वारा किए गए ठोस कार्यों के कारण मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में कार्यभार संभालेंगे। उन्होंने इन आरोपों को खारिज कर दिया कि मोदी सरकार विपक्ष को कमजोर करने के लिए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) का "हथियार के तौर पर इस्तेमाल" कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा के प्रतिद्वंद्वियों को लोगों का विश्वास जीतकर विपरीत परिस्थितियों से उबरने का प्रयास करना चाहिए। गडकरी ने कहा, "क्या विपक्ष को कमजोर या मजबूत बनाना हमारी जिम्मेदारी है? जब हमारे पास सिर्फ दो सांसद थे और हम कमजोर थे तो हमें सहानुभूति के तौर पर कभी कोई पैकेज नहीं मिला।

# बिहारः 'क्लीन स्वीप' की रणनीति के साथ चुनाव मैदान में राजग

ओ.पी. पाल ▶▶| नई दिल्ली

देश की सियासत के लिहाज से बिहार उन राज्यों में शुमार है, जहां से 40 सदस्य निर्वाचित होकर लोकसभा पहुंचते हैं। इन सीटों पर सात चरणों में होने वाले लोकसभा चुनावों में प्रमुख रुप से राजग और इंडिया गठबंधन के बीच दिलचस्प सियासी जंग होने की संभावना है। इसका प्रमुख कारण लोकसभा चुनाव से पहले महागठबंधन में हुए बिखराव के कारण बदले सियासी समीकरण ने बिहार में लोकसभा चुनाव को नए मोड़ पर लाकर खड़ा कर दिया है, जिसमें राज्य की सत्ताधारी पार्टी जदयू ने राजग गठबंधन को जो सियासी ताकत दी है, उसमें लोकसभा चुनाव के नतीजों पर नजरें टिकी होंगी? बिहार की सियासत में दशकों से जातीय आधार पर वोट बैंक की राजनीति हावी रही है। ओबीसी और दलित वोट बैंक, जो पहले कांग्रेस को मिलता रहा है, उसमें पिछले एक दशक से तेजी से गठबंधन की राजनीति के कारण विभाजन होता देखा गया है। खासतौर से ओबीसी बाहुल्य राज्य बिहार में बदलते राजनीतिक समीकरणों ने राजनीतिक दलों की दशा और दिशा भी मुद्दों के आधार पर बदलकर रख दी है। ऐसे में सियासी दल चुनावी फायदे को लेकर अपनी रणनीति तैयार करते आ रहे हैं।




### कुनबे में हम और आरएलएमपी भी हुआ शामिल

रणनीति के तहत पिछले चुनाव की तुलना में इस बार राजग के कुनबे में जदयू व लोजपा के साथ हम और आरएलएमपी भी शामिल हुआ है। शायद इस बार भाजपा व जदयू ने 50:50 के सीट बंटवारे फार्मूले को ताक पर भाजपा के लिए 17 सीट छोड़ी है, जबकि खुद 16 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। राजग गठबंधन में लोजपा पांच के अलावा हम और आरएलएमपी एक-एक सीट पर चुनाव लड़ रही है। राजग के मुकाबले इंडिया गठबंधन में लालू यादव की राजद ने सबसे ज्यादा 26 सीटों पर चुनाव लड़ने का फैसला किया है, जबकि कांग्रेस को केवल नौ तथा वामदलों को पांच सीटे दी हैं। यह भी गौरतलब है कि लोकसभा चुनाव से कुछ माह पहले ही जदयू ने इंडिया गठबंधन का साथ छोड़कर फिर से राजग कुनबे में शामिल होकर बिहार के राजनीतिक समीकरण बदलने का प्रयास किया। मसलन इस बार के लोकसभा चुनाव में बिहार बिहार के सियासत में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अहम भूमिका होगी, जदयू और केंद्र की राजग सरकार के विकास कार्यों के साथ नीतीश कुमार के विकास कार्य को लेकर ही जनता के बीच जाने की तैयारी में है।

**बिहार में क्या है राजग की रणनीति :** बिहार की 40 लोकसभा सीटों पर पिछले 2019 के चुनाव में राजग गठबंधन को 39 सीटो पर जीत मिली थी, जिसमें भाजपा व जदयू ने सभी 17-16 एक लोजपा ने 6 सीटों पर परचम लहराया था, जिसमें भाजपा ने सबसे ज्यादा 23.58 फीसदी वोट के साथ अव्वल थी। उस चुनाव में बाकी एक सीट पर कांग्रेस काबिज हुई थी। राज्य में लंबे समय तक राज करने वाली लालू यादव की राजद को शायद पहली बार हाथ मलते देखा गया। मौजदा चुनाव में राजग ने बिहार की सभी 40 लोकसभा सीटें जीतने का लक्ष्य तय किया है। ऐसी ही चुनावी रणनीति के साथ राजग गठबंधन इसलिए इस बार चुनाव मैदान में है।

### राजग इन सीटों पर लड़ेगा चुनाव

बिहार की 40 में से गठबंधन फार्मूले के मुताबिक बंटवारे में आई 17 लोकसभा सीटों पर चुनाव मैदान में होगी, उनमें पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण,औरंगाबाद, मधुबनी, अररिया, दरभंगा, मुजफ्फरपुर, महाराजगंज, सारण, उजियारपुर, बेगूसराय, नवादा, पटना साहिब, पाटलिपुत्र, आरा, बक्सर और सासाराम सीटों पर चुनावी जंग में होगी। जबकि जदयू के खाते में आई 16 सीटों में वाल्मिकी नगर, सीतामढ़ी, झंझारपुर, सुपौल, किशनगंज, कटिहार, पूर्णिया, मधेपुरा, गोपालगंज, सीवान, भागलपुर, बांका, मुंगेर, नालंदा, जहानाबाद, शिवहर सीटों पर चुनावी जंग में होगी। इसके अलावा लोक जनशक्ति पार्टी (आर) को वैशाली, हाजीपुर, समस्तीपुर, खगड़िया, जमुई सीट मिली है, तो हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा को गया सीट और उपेंद्र कुशवाहा की पार्टी काराकाट सीट पर लोकसभा चुनाव लड़ेगी। दरअसल भाजपा इस बार नवादा एक अतिरिक्त अतिरिक्त सीट मिली है, जहां लोजपा की सीट पर भाजपा का कब्जा है।

### चुनाव में 9.26 लाख पहली बार करेंगे वोटिंग

बिहार में इस बार लोकसभा चुनाव में 7.64 करोड़ मतदाताओं का चक्रव्यूह तैयार है, जिसमें चार करोड़ से ज्यादा पुरुष, 3.64 करोड़ महिला हैं। बिहार में 2,290 थर्ड जेंडर और 6. 30 लाख दिव्यांग मतदाता भी हैं। जबकि राज्य में 14.50 लाख बुजुर्ग मतदाता है, जिनमें 21,680 मतदाता 100 या उससे ज्यादा आयु के हैं। निर्वाचन आयोग के ताजा आंकड़ो के मुताबिक राज्य में 1.68 लाख सर्विस मतदाता पंजीकृत हैं। पिछले चुनाव की तुलना में इस बार महिला मतदाताओं की संख्या बढ़ी है। लोकसभा चुनाव 2024 में 9.26 लाख ऐसे युवा मतदाता हैं, जो पहली बार मतदान में हिस्सा लेंगे।

**क्या जातिगत समीकरण :** बिहार की नीतीश सरकार के जारी राज्य में जाति आधारित जनगणना के आंकड़ो के मुताबिक बिहार में ओबीसी, दलित और आदिवासी समुदाय 84.48 फीसदी हैं, जिसमें अन्य पिछड़ा वर्ग 63.13 फीसदी, अनुसूचित जाति 19.65 फीसदी, एससी-एसटी का प्रतिशत 21.39 में अनुसूचित जनजाति 1.68 फीसदी है। जबकि सवर्ण समाज की आबादी महज 15.52 फीसदी हैं। ओबीसी में सबसे ज्यादा आबादी यादव की है, जिसके बाद रविदास, कोइरी, ब्राह्मण और राजपूत समुदाय के लोग हैं। यदि धार्मिक आधार पर देखा जाए तो हिंदू आबादी 81.99 फीसदी है, तो मुस्लिम आबादी 17.70 फीसदी है। जबकि ईसाई, सिख, बौद्ध और जैन समाज मिलकर भी आधा फीसदी भी नहीं है।

#### किस सीट पर कब होगा मतदान

**चरण 1: 19 अप्रैल-** औरंगाबाद, गया, नवादा,जमुई
**चरण 2: 26 अप्रैल-** किशनगंज, कटिहार, पूर्णिया,भागलपुर,बांका
**चरण 3: 07 मई-** झंझारपुर, सुपौल, अररिया, मधेपुरा, खगरिया
**चरण 4: 13 मई-** दरभंगा, उजियारपुर, समस्तीपुर, बेगूसराय, मुंगेर
**चरण 5: 20 मई-** उत्सव प्रस्ताव सीतामढ़ी, मधुबनी, मुजफ्फरपुर, सारण, हाजीपुर
**चरण 6: 25 मई-** वाल्मिकीनगर,पश्चिम चंपारण,पूर्वी चंपारण, शिवहर, वैशाली, गोपालगंज, सिवान, महाराजगंज
**चरण 7: 01 जून-** नालन्दा, पटना साहिब, पाटलिपुत्र, आरा, बक्सर, सासाराम, काराकाट, जहानाबाद

## खबर संक्षेप

### पीएम मोदी ने ईस्टर पर शुभकामनाएं दीं

**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी ने रविवार को देशवासियों को ईस्टर की शुभकामनाएं दीं और उम्मीद जताई कि नवीनीकरण एवं आशावाद का संदेश हर जगह गूंजेगा। मोदी ने 'एक्स' पर लिखा कि यह दिन हम सभी को एकजुट होने, एकता और शांति को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित करे। सभी को ईस्टर की शुभकामनाएं। उन्होंने कहा कि ईस्टर पर हम आशा करते हैं कि नवीनीकरण और आशावाद का संदेश हर जगह गूंजेगा।





### ईस्टर की प्रार्थना सभा में शामिल हुए पोप फ्रांसिस

**रोम(एपी)।** पोप फ्रांसिस ने ईस्टर से एक दिन पहले शनिवार रात को प्रार्थना सभा की अध्यक्षता करते हुए 10 मिनट का धर्मोपदेश दिया और आठ लोगों को चर्च की सदस्यता (बपतिस्मा) दिलायी। इससे एक दिन पहले वह स्वास्थ्य संबंधी एहतियात बरतते हुए रोम के एक बड़े कलागृह में निकाले गए गुड फ्राइडे के पारंपरिक जुलूस में शामिल नहीं हुए थे। फ्रांसिस अपनी व्हीलचेयर से सेंट पीटर्स बासिल्का पहुंचे, एक कुर्सी पर अपना स्थान ग्रहण किया और प्रार्थना शुरू की। करीब एक घंटे बाद उन्होंने तेज आवाज में 10 मिनट का धर्मोपदेश दिया।

### गुजरात में आग से दम घुटने से चार की मौत

**देवभूमि द्वारका(भाषा)।** गुजरात के देवभूमि द्वारका जिले में रविवार को एक मकान में आग लगने के कारण एक शिशु सहित एक परिवार के चार सदस्यों की दम घुटने से मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस निरीक्षक टी सी पटेल ने बताया कि द्वारका शहर में आदित्य रोड पर स्थित मकान की पहली मंजिल पर जब तड़के करीब साढ़े तीन बजे आग लगी, उस समय परिवार के पांच सदस्य सो रहे थे। उन्होंने बताया आग लगने के बाद घर की बिजली आपूर्ति बंद होने की वजह से परिवार के लोग निकास द्वार नहीं ढूंढ सके जिसके कारण वे बाहर नहीं आ पाए।

### यूक्रेन में रूस के हमले में दो व्यक्तियों की मौत

**कीव (एपी)।** यूक्रेन के पश्चिमी लवीव क्षेत्र में बुनियादी ढांचे पर रूस के एक क्रूज मिसाइल हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि पूर्वोत्तर हिस्से में हुए हमले में एक अन्य व्यक्ति की जान चली गई। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। गवर्नर मैकस्यम कोजीयस्की ने सोशल मीडिया ऐप 'टेलीग्राम' पर जानकारी दी कि लवीव में हुए हमले में एक इमारत नष्ट हो गई।गवर्नर ओले सयनीहुबोव ने कहा कि रविवार को एक हवाई हमले में 19 वर्षीय एक व्यक्ति मारा गया। ओडेसा क्षेत्र में हजारों को बिजली के बिना रहना पड़ रहा है।

### नेतन्याहू पर इस्तीफे का दबाव, विरोध-प्रदर्शन तेज

**तेल अवीव(एजेंसी)।** इजरायल-हमास युद्ध को पांच महीने से अधिक समय हो गया है। इस बीच इजरायल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू के खिलाफ विरोध की आवाजें उठने लगी हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार, इजरायली पुलिस ने तेल अवीव में 16 प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार किया है। हमास की कैद से बंधकों की रिहाई और प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को हटाने की मांग को लेकर प्रदर्शनकारियों द्वारा तेल अवीव में विरोध प्रदर्शन किया जा रहा था। पुलिस ने कहा कि प्रदर्शनकारियों को ट्रैफिक में बाधा डालने और सड़क जाम करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। इसके साथ ही पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर 270 अमेरिकी डॉलर का जुर्माना भी लगाया है।

---

*आज से कई बदलाव लोगों की जेब पर सीधे पड़ेगा असर*

# पैन को आधार से लिंक कराना होगा जरूरी एनपीएस लॉगिन का बदल जाएगा सिस्टम!

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** वित्त वर्ष 2024-25 की शुरुआत 1 अप्रैल से हो गई। नए फाइनेंशियल ईयर की शुरुआत के साथ ही कई ऐसे पैसों से जुड़े नियम हैं, जो बदल जाएंगे। पहली अप्रैल से एसबीआई बैंक के डेबिट कार्ड का चार्ज बढ़ जाएगा। एलपीजी सिलेंडर गैस की कीमतें तय होंगी और एनपीएस में लॉगिन का तरीका बदल जाएगा। सरकार ने पैन कार्ड को आधार कार्ड से लिंक करना अनिवार्य कर दिया गया है। पैन को आधार से लिंक करने की डेडलाइन 31 मार्च 2024 है। अगर आपने इस डेडलाइन तक पैन को आधार कार्ड से लिंक नहीं किया गया तो आपका पैन नंबर डीएक्टिवेट हो जाएगा। आप जुर्माना देकर इसे लिंक कर सकते हैं। एनपीएस खाते के लॉगिन के नियमों में बदलाव होने जा रहा है। पीएफआरडीए ने एनपीएस खाते में आधार-बेस्ड ऑथेंटिकेशन को अनिवार्य कर दिया है। ऐसे में अब एनपीएस खाते में लॉग इन करने के लिए आईडी पासवर्ड के साथ ही आधार से जुड़े मोबाइल नंबर पर आए ओटीपी को भी दर्ज करना होगा।



### टैक्स का नया सिस्टम

नए वित्त वर्ष से न्यू टैक्स रिजीम डिफॉल्ट टैक्स रिजीम बन जाएगी। अगर कोई व्यक्ति किसी भी टैक्स रिजीम का चुनाव नहीं करता है तो उसका आईटीआर नए टैक्स रिजीम के तहत ही भरा जाएगा।

### नौकरी बदलते ही ट्रांसफर हो जाएगा पीएफ

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन में 1 अप्रैल से बड़ा बदलाव होने जा रहा है। नए वित्त वर्ष में अगर कोई कर्मचारी नौकरी बदलता है तो ऐसे में उसका पीएफ खाता अब खुद ब खुद नए नियोक्ता के पास ट्रांसफर हो जाएगा। पहले सब्सक्राइबर्स की रिक्वेस्ट पर ही इसे ट्रांसफर किया जाता था।

### बिना केवाईसी फास्टैग निष्क्रिय

नए वित्तीय वर्ष से बिना केवाईसी किए गए फास्टैग को निष्क्रिय कर दिया जाएगा। 1 अप्रैल से पहले फास्टैग में केवाईसी अपडेट करना अनिवार्य हो गया है।

### एसबीआई डेबिट कार्ड की फीस बढ़ी

एसबीआई ने ग्राहकों को झटका देते हुए अपने डेबिट कार्ड की सालाना मेंटेनेंस फीस को बढ़ाने का फैसला किया है। नए नियम कल से लागू हो जाएंगे। इसके अलावा एसबीआई क्रेडिट कार्ड से रेंट पेमेंट पर मिलने वाले रिवार्ड प्वाइंट को भी बंद किया जा रहा है।

---

# अचानक बारिश-तूफान से पांच की मौत, मोदी ने जताया शोक

भाषा ▶▶| देवभूमि द्वारका

**अचानक बदला मौसम**

- असम एयरपोर्ट की छत गिरी और मिजोरम में चर्च ढही

देश के चार राज्यों पश्चिम बंगाल, असम, मिजोरम और मणिपुर में रविवार को अचानक आए तूफान और बारिश से काफी तबाही मची। वेस्ट बंगाल के जलपाईगुड़ी में पांच लोगों की मौत हो गई। 100 लोग घायल हैं।

वहीं प्रधानमंत्री मोदी ने बंगाल में तूफान के कारण हुई जनहानि पर शोक व्यक्त किया। असम के गुवाहाटी में गोपीनाथ बोरदोलोई इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर तेज बारिश से काफी नुकसान हुआ। एयरपोर्ट की छत का एक हिस्सा गिर गया। फ्लाइट की आवाजाही को कुछ समय के लिए रोक दिया गया। वहीं छह फ्लाइट्स को डायवर्ट करना पड़ा। मिजोरम के चम्फाई जिले के लुंगटन गांव में एक चर्च की इमारत ढह गई। वहीं आइजोल जिले के सियालसुक में एक और चर्च की इमारत को नुकसान पहुंचा। इसके अलावा कुछ घर भी आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हुए हैं। उधर मणिपुर के थौबल और खोंगजोम इलाके में भी कई पेड़ उखड़ गए और घरों की टीन की छतें उड़ गईं।



### पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में बारिश से सात की जान गई

**पेशावर (भाषा)।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में बीते 24 घंटे के दौरान मूसलाधार बारिश और ओलावृष्टि के कारण कुछ घर गिरने से पांच बच्चों समेत सात लोगों की मौत हो गई। शनिवार को लगातार दूसरे दिन खैबर पख्तूनख्वा के बड़े हिस्से में भारी बारिश और ओलावृष्टि हुई। कबायली जिले बजौर में बारिश के कारण एक घर ढह जाने से तीन बच्चों समेत पांच लोग मलबे में दफन हो गए। शांगला में बारिश के कारण कमरे की छत गिरने से दो बच्चों की मौत हो गई।

---

## कंबोडिया में साइबर फ्रॉड बनाए गए 250 भारतीय देश लौटे

# फेक फेसबुक प्रोफाइल बनाकर इनसे भारत में कराई थी 500 करोड़ की ठगी

*नौकरी की तलाश में कंबोडिया गए करीब 5000 भारतीयों को वहां साइबर गुलाम बना कर रखा गया है। इन लोगों को भारत के ही नागरिकों के साथ साइबर फ्रॉड करने के लिए मजबूर किया जाता था। इनमें से करीब 250 लोगों को बचाकर वापस भारत लाया गया।*



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कंबोडिया में फंसे 250 भारतीयों को देश वापस लाया गया है। इनमें से 75 लोगों को पिछले 3 महीनों में बचाया गया। यह जानकारी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जैसवाल ने दी। रणधीर जैसवाल ने संवाददाताओं से चर्चा के दौरान कहा कि इन भारतीयों को नौकरी का लालच देकर कंबोडिया ले जाया गया था। इसके बाद वहां इनसे साइबर फ्रॉड से जुड़े काम करवाए गए।

करीब 5 हजार भारतीय अब भी कंबोडिया में फंसे हुए हैं। इन्हें वापस लाने की कोशिशें जारी है। भारतीयों को जबरदस्ती कंबोडिया में रखा गया है। इन लोगों को भारत के ही नागरिकों के साथ साइबर फ्रॉड करने के लिए मजबूर किया जाता था। सरकार का अनुमान है कि धोखेबाजों ने पिछले छह महीनों में भारत में लोगों से कथित तौर पर 500 करोड़ रुपए की ठगी की है।

**खास बातें**

- कंबोडिया के अधिकारी और भारतीय राजदूत भारतीयों की कर रहे मदद
- जिम्मेदार लोगों पर होगी कड़ी कार्रवाई

**नौकरी की लालच में 5 हजार भारतीय कंबोडिया में फंसे**



### कंबोडिया सरकार मदद कर रही

*जैसवाल ने कहा कि कंबोडिया में भारतीय दूतावास सक्रिय रूप से भारतीयों की मदद कर रहा है। कंबोडिया के अधिकारियों के साथ मिलकर दूतावास ने 250 भारतीय नागरिकों को बचाया और वापस भारत भेजा। विदेश मंत्रालय ने भारतीय नागरिकों को ऐसी धोखाधड़ी वाली योजनाओं से बचने के लिए चेतावनी जारी की है। जैसवाल ने कहा कि हम कंबोडिया में उन सभी भारतीयों की मदद करने के लिए तैयार हैं जो हमारा साथ चाहते हैं। हम इन फर्जी योजनाओं के लिए जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई करने के लिए कंबोडिया के अधिकारियों और भारत में सुरक्षा एजेंसियों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं।*

### वापस आए भारतीय एफआईआर दर्ज नहीं करवा रहे

कंबोडिया में भारतीय दूतावास के सचिव अवारन अब्राहम ने कहा कि उन्हें कंबोडिया के अलग-अलग हिस्सों से हर रोज भारतीयों की तरफ से की गई चार से पांच शिकायतें मिलती हैं। ये वापस भारत भेजे जाने और जबरदस्ती फ्रॉड से जुड़ी गतिविधियां करवाए जाने की शिकायत करते हैं। जैसे ही शिकायत मिलती है पुलिस को सूचित किया जाता है। अब्राहम ने कहा कि हालांकि, इस पूरे मामले में एक परेशानी है। जब फंसे हुए भारतीयों को बचाकर भारत वापस लाया जाता है, तो वे एफआईआर दर्ज नहीं कराते। जब एफआईआर नहीं होगी, तब तक पुलिस उस गैंग को पकड़ने में कामयाब नहीं होगी जो नौकरी के झूठे वादे भारतीयों को कंबोडिया भेज रहे हैं।

### भारतीयों से कराई जा रही साइबर गुलामी

जानकारी के मुताबिक कंबोडिया में साइबर ठग बनाए गए भारतीय ईडी और दूसरे कस्टम अधिकारी बनकर भारत में फोन करते थे। ये लोगों को कहते थे कि उनके भेजे गए पार्सल में संदिग्ध सामान मिला है। अगर वो पुलिस कार्रवाई से बचना चाहते हैं तो पैसे भेज दें। विदेश मंत्रालय के मुताबिक इस तरह ठगी कराकर कंबोडिया में भारतीयों से साइबर गुलामी कराई जा रही है।

### नौकरी दिलाने के बहाने टूरिस्ट वीजा पर ले जाते हैं

*कंबोडिया से बचाकर लाए गए एक शख्स ने बताया कि मंगलुरु के एक एजेंट ने उसे कंबोडिया में डेटा एंट्री की नौकरी ऑफर की। उसके बाद दो और लोगों को कंबोडिया ले जाया गया। उसने बताया कि उन्हें टूरिस्ट वीजा पर ले जाया गया। कंबोडिया पहुंचने पर उन्हें एक ऑफिस में ले जाया गया। यहां उनकी टाइप करने की स्पीड का टेस्ट हुआ और इंटरव्यू लिया गया। हालांकि, इस वक्त तक भी उन्हें नहीं मालूम था कि उनसे क्या कराया जाएगा। ऑफिस जॉइन करने के बाद उन्हें पता चला कि उनका काम फेसबुक पर उन लोगों के बारे में पता करना है जिनके साथ आसानी से ठगी हो सके। लोगों को फंसाने के लिए उनसे महिलाओं के नाम पर फेसबुक आईडी बनवाई जाती थी। उनसे ये सारा काम चीन की एक टीम कराती थी। एक मलेशिया का व्यक्ति उनके निर्देशों को इंग्लिश में ट्रांसलेट करता था।*

---

# पाक नाविकों ने लगाए भारत जिंदाबाद के नारे

## भारतीय नौसेना बोली-शुक्रिया



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय नौसेना ने 23 पाकिस्तान के नाविकों सोमालिया के समुद्री लुटेरों से बचाया था। रेस्क्यू किए गए पाकिस्तानी नाविकों ने भारत जिंदाबाद के नारे लगाए और भारतीय नौसेना को धन्यवाद कहा। नौसेना ने 29 मार्च को ऑपरेशन चलाकर इन्हें रेस्क्यू किया था।

नौसेना को हिंद महासागर में अदन की खाड़ी के पास ईरानी जहाज अल-कंबर के हाईजैक होने की सूचना मिली थी। इस पर सोमालिया के 9 समुद्री लुटेरों ने कब्जा कर लिया था।

पाकिस्तानियों का वीडियो भी वायरल हो रहा है। इसमें एक शख्स ने कह रहा है, मैं अमीर खान हूं। मैं इस जहाज का मास्टर हूं। हम ईरान से आ रहे थे तभी लुटेरों ने हमारे जहाज को हाईजैक कर लिया। 29 मार्च को तीन बजे से भारतीय नौसेना हमारी मदद में जुट गई थी। पूरी रात उन्होंने काम किया। उन्होंने हमें आजाद करवाया। भारतीय नौसेना का शुक्रिया। इंडिया जिंदाबाद।



**पाकिस्तानी बोले- भारतीय नौसेना पूरी रात जुटी रही, हमें आजाद कराया**

### भारतीय नौसेना ने आईएनएस सुमेधा और त्रिशूल को मदद के लिए भेजा था



पाकिस्तानियों का जहाज यमन के सोकोट्रा द्वीप से साउथ-वेस्ट में करीब 166 किमी की दूरी पर था। हाईजैक का अलर्ट मिलते ही भारतीय नौसेना ने अपने युद्धपोत आईएनएस सुमेधा को ईरानी जहाज को रोकने के लिए रवाना किया था। इसके बाद दूसरे युद्धपोत आईएनएस त्रिशूल की मदद से नेवी ने जहाज को लुटेरों से रेस्क्यू किया था। नौसेना की टीम ने 12 घंटे तक ऑपरेशन चलाकर लुटेरों को सरेंडर करने के लिए मजबूर किया। नौसेना ने जनवरी में भी 19 पाकिस्तानी नाविकों बचाया था।

---

### पंजाब में केक खाने के बाद 10 वर्षीय बच्ची की मौत

**पटियाला (भाषा)।** पंजाब के पटियाला में अपने जन्मदिन पर केक खाने के बाद संदिग्ध रूप से खाद्य विषाक्तता के कारण 10 वर्षीय एक बच्ची की मौत हो गई, जिसके बाद केक की दुकान के मालिक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। बच्ची की मां द्वारा पुलिस में दर्ज कराई गई शिकायत के अनुसार, 24 मार्च को उसका जन्मदिन मनाने के लिए केक ऑनलाइन ऑर्डर किया गया था। शिकायत में कहा गया है कि केक खाने के तुरंत बाद बच्ची समेत परिवार के सभी सदस्यों को उल्टी होने लगी। परिवार के अन्य सदस्यों की हालत में अगले दिन सुधार हो गया।

### अमरकंटक पहुंचे संघ प्रमुख भागवत, मां नर्मदा के दर्शन कर पूजा की



**अनूपपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख डॉ. मोहन भागवत शनिवार को अमरकंटक पहुंचे। जहां मृत्युंजय आश्रम में रात्रि विश्राम करने के पश्चात उन्होंने रविवार की सुबह मां नर्मदा मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना की। इसके पश्चात वह पुनः मृत्युंजय आश्रम में पहुंचे, जहां विशेष हवन तथा पूजा में वह शामिल हुए। कार्यक्रम के अंतर्गत संघ प्रमुख स्थानीय साधु संतों से भेंट करेंगे तथा स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ताओं को भी उद्बोधन देंगे।

### टीएमसी के पूर्व सांसद पर ईडी का एक्शन, विमान और फ्लैट समेत 3 राज्यों से कई संपत्तियां की जब्त



चिटफंड कंपनी अल्केमिस्ट समूह के खिलाफ हुआ एक्शन

**कोलकाता (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव से पहले प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) का धड़ाधड़ एक्शन जारी है। केंद्रीय एजेंसी ने पीएमएलए के तहत पश्चिम बंगाल की सत्तारूढ़ पार्टी तृणमूल कांग्रेस के पूर्व सांसद के.डी. सिंह की चिटफंड कंपनी अल्केमिस्ट समूह के खिलाफ एक्शन लिया है। कंपनी के एक विमान और हिमाचल प्रदेश, हरियाणा एवं मध्य प्रदेश में 29 करोड़ रुपए से अधिक की संपत्ति तथा फ्लैट जब्त किए हैं। एजेंसी ने शनिवार (30 मार्च) को यह जानकारी दी। जानकारी के मुताबिक यह जांच सीबीआई, उत्तर प्रदेश पुलिस और पश्चिम बंगाल पुलिस द्वारा दर्ज की गई कई प्राथमिकियों से संबंधित है। इसमें आरोप है कि चिटफंड समूह ने अलकेमिस्ट होल्डिंग्स लिमिटेड और अलकेमिस्ट टाउनशिप इंडिया लिमिटेड जैसी अपनी कंपनियों के जरिये आम लोगों से 1,800 करोड़ रुपए से अधिक की राशि जुटाई। आरोप है कि निवेशकों को उनके निवेश पर अत्यधिक रकम वापस देने के अलावा फ्लैट व भूखंड आदि देने का 'झूठा वादा' किया गया था।

---

**तैयारी** | आज दक्षिणी कमान मनाएगी अपना 130वां स्थापना दिवस

# भारतीय सेना का ध्यान स्वदेशीकरण, तकनीक को अपनाने परिचालन क्षमता बढ़ाने पर केंद्रित रहेगा: ले. जनरल सिंह

भाषा ▶▶| पुणे

दक्षिणी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ लेफ्टिनेंट जनरल अजय कुमार सिंह ने कहा कि सेना की दक्षिण कमान स्वदेशीकरण, तकनीक को अपनाने और परिचालन क्षमता बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करेगी।

एक अप्रैल को अपना 130वां स्थापना दिवस मना रही दक्षिणी कमान भारतीय सेना की सबसे पुरानी और बड़ी कमान है, जिसके तहत 11 राज्यों और चार केंद्र शासित प्रदेशों का 41 प्रतिशत भूमि क्षेत्र आता है। दक्षिणी कमान के 38वें जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ ने साक्षात्कार में 2024 के दौरान परिवर्तनकारी बदलाव के लिए एक उत्प्रेरक के रूप में प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने के लिए कमान की प्रतिबद्धता के बारे में बात की। सेना 2024 को ''प्रौद्योगिकी अवशोषण के वर्ष'' के रूप में मना रही है।



### दक्षिणी कमान ने रक्षा विनिर्माण में आत्मनिर्भर बनाना लक्ष्य

लेफ्टिनेंट जनरल ने कहा कि यह थीम परिवर्तनकारी बदलाव के साथ ही हमारी परिचालन और साजोसामन संबंधी आवश्यकताओं के नवोन्मेषी समाधान के लिए घरेलू विशेषज्ञता का इस्तेमाल करने के लिए एक उत्प्रेरक के रूप में प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने की हमारी प्रतिबद्धता को दिखाता है। दक्षिणी कमान ने रक्षा विनिर्माण में आत्मनिर्भर होने के भारत के लक्ष्य में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। देश के उद्योग केंद्रों के साथ स्थित होने और बड़ी संख्या में फील्ड फायरिंग रेंज होने के कारण, दक्षिणी कमान विभिन्न हथियार मंचों, महत्वपूर्ण रक्षा उपकरणों और परिष्कृत गोला-बारूद के परीक्षणों के लिए परीक्षण मंच के रूप में कार्य करता है। एकाधिक डोमेन दृष्टिकोण के साथ संयुक्त एकीकृत संचालन ही आगे का रास्ता है और तीनों सेवाओं के बीच एकीकरण तथा तालमेल में सुधार करने के लिए दक्षिण कमान ने हाल ही में दो प्रमुख संयुक्त अभ्यास 'अभ्यास भारत शक्ति' और 'अभ्यास त्रिशक्ति प्रहार' किया।

### 100 से अधिक देशों के साथ संयुक्त प्रशिक्षण

लेफ्टिनेंट जनरल सिंह ने कहा, ''सेना की परिवर्तन और परिचालन प्रभाविता के तौर पर, दक्षिण कमान क्षेत्र में इस साल 15 मार्च को पहली मध्यम लिफ्ट अटैक हेलीकॉप्टर स्क्वाड्रन की स्थापना की गई। यह स्क्वाड्रन बोइंग के आधुनिक अपाचे ए एच 64ई हेलीकॉप्टर से लैस होगी। दक्षिणी कमान के मैत्रीपूर्ण देशों के साथ संयुक्त प्रशिक्षण के लिए ''उत्कृष्ट अवसर'' मुहैया कराने के बारे में भी बात की। भारतीय सेना 100 से अधिक देशों के साथ संयुक्त प्रशिक्षण दे रही है और इसमें 25 से अधिक देशों में द्विपक्षीय संयुक्त अभ्यास, 70 देशों के 3,000 से अधिक सैन्य कर्मियों का प्रशिक्षण और दुनियाभर में 16 प्रशिक्षण दलों का प्रबंधन शामिल है।

---

**25 किमी की मारक क्षमता**

# पश्चिमी कमान ने किया आकाश मिसाइल का सफल परीक्षण



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय सेना की पश्चिमी कमान ने रविवार 31 मार्च को सतह से हवा में मार करने वाली आकाश मिसाइल प्रणाली का सफल परीक्षण किया है। यह भारत के रक्षा बलों के ताकत को बढ़ाने और परिचालन का आकलन करने के लिए नियमित अभ्यास के हिस्से के रूप में किया गया, जो सुरक्षा की दृष्टि से मील का पत्थर साबित हुआ है। सेना ने मिसाइल परीक्षण का एक वीडियो भी जारी किया है। इस परीक्षण के बाद जाहिर तौर पर चीन और पाकिस्तान की नींद उड़ने वाली है। आकाश मिसाइल प्रणाली को रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन ने बनाया है।

### 'टाइगर ट्राइंफ-24' अभ्यास का समापन



**विशाखापत्तनम।** भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच द्विपक्षीय त्रि-सेवा मानवीय सहायता और आपदा राहत (एचएडीआर) उभयचर अभ्यास, टाइगर ट्रायम्फ 2024 का समापन समारोह यूएसएस पर आयोजित किया गया था। 19 मार्च को भारतीय नौसेना जहाज जलाश्व पर आयोजित पहले कार्यक्रम के बाद शनिवार को समरसेट। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि यह अभ्यास दोनों देशों के बीच मजबूत रणनीतिक साझेदारी का प्रतिनिधित्व करता है और इसका उद्देश्य बहुराष्ट्रीय एचएडीआर संचालन में सर्वोत्तम प्रथाओं और मानक संचालन प्रक्रियाओं को साझा करना है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25